


# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 7 मार्च 2025
संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 8 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 182 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ बचपन और खिलौनों का संसार
12 साल का सूखा खत्म करने उतरेगा भारत ◂◂ 6


# रांची में दिनदहाड़े फायरिंग, कोयला कारोबारी को लगी गोली, गंभीर

● कारोबारी विपिन मिश्रा पर एक दर्जन से ज्यादा गोलियां चलाई गयी ● पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने चलाई गोली

**मेट्रो रेज**



**रांची :** राजधानी रांची में अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया। बरियातू रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास अपराधियों ने दिन दहाड़े एक कोयला कारोबारी पर गोली चला दी। कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर एक दर्जन से ज्यादा गोली चलाई गयी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें राजधानी के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार यानी आज सुबह 10.30 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

**क्या है पूरा मामला:** मिली जानकारी के अनुसार बरियातू थाना क्षेत्र के सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास वाली गली से जैसे ही कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा आगे बढ़े, पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि विपिन मिश्रा को फायरिंग में गोली भी लगी है। गोलीबारी की वारदात के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए, जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कोयला कारोबारी के परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए हैं। आपको बता दें कि कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा बरियातू इलाके में ही रहते हैं। घर से निकलने के बाद ही उन पर हमला किया गया।

घायल बिपिन मिश्रा ट्रांसपोटिंग का काम करते हैं। बिपिन मिश्रा को दो गोली लगी है। एक हांथ में, तो दूसरा गर्दन को छूते हुए निकल गयी। पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार अपराधी ने घटना को अंजाम दिया है। आनन- फानन में उसे इलाज के लिए मेडिका अस्पताल ले गया। जहां स्थिति खतरे से बाहर है।

**दोनों तरफ से अपराधियों ने की बिपिन मिश्रा पर फायरिंग:** कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा के अंगरक्षक के अनुसार अपराधियों ने दोनों तरफ से फायरिंग की। तीन की संख्या में अपराधी आये थे। जवाबी फायरिंग में अंगरक्षक ने भी पिस्टल से दो और रायफल से 1 फायरिंग की। हालांकि, एक भी गोली अपराधी को नही लगी है। जब तक अपराधी को पकड़ते वो भाग चुके थे।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** राजधानी में दिनदहाड़े हुए इस फायरिंग की वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ बरियातू पुलिस गोलीबारी को लेकर जांच में जुट गई है। जिस स्थान पर फायरिंग हुई है। वहां कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सभी सीसीटीवी कैमरे पुलिस के द्वारा खंगाला जा रहा है। बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मयंक सिंह ने ली हमले की जिम्मेदारी, कहा-

## बिपिन मिश्रा बच गया, लेकिन उसे मारने की मेरी कोशिश जारी रहेगी

**रांची:** राजधानी रांची के बरियातू में कोयला कंपनी के मालिक बिपिन मिश्रा पर हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर अमन साहू के बेहद खास कुख्यात मयंक सिंह ने ली है। मयंक सिंह ने अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट किया है बिपिन मिश्रा पर बरियातु, रांची में हुए हमले की जिम्मेवारी लेता हूँ। बिपिन मिश्रा बच गया पर मेरी कोशिश जारी रहेगी। पूरे झारखंड में विपिन मिश्रा लिए काम करने वाले सभी पेटी कॉन्ट्रैक्टर , सब कॉन्ट्रैक्टर व ट्रॉसपोर्टर को यह चेतावनी है कि बिपिन मिश्रा का काम बंद करो, वर्ना एक - एक को गोली मरूँगा। किसी भी दूसरे गिरोह के बल पर कितना दिन काम करोगे।

**मयंक सिंह/ राहुल सिंह गैंग**

## सीता सोरेन पर जानलेवा हमला, बाल- बाल बचीं, आरोपी गिरफ्तार



**धनबाद:** भाजपा नेता और दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। हालांकि हमले में वह बाल- बाल बच गईं। उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष के द्वारा यह हमला किया गया। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र में घटी। वो शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। बता दें कि सीता सोरेन पर उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने पिस्टल से फायरिंग करने की कोशिश की। गनीमत यह रही कि वो ऐसा कुछ कर पाते इससे पहले ही उसे दबोच लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया।

सीता सोरेन गुरुवार को कतरास में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। सरायढेला थाना क्षेत्र के सरायढेला में स्थित एक होटल में वह रुकी थीं। जहां देवाशीष घोष पहले से होटल के कमरे में मौजूद था। सीता सोरेन के घुसने के साथ ही देवाशीष घोष ने पिस्टल चलाने की कोशिश की। हालांकि इससे पहले कि वह गोली चला पाता उनके सुरक्षा गार्ड ने देवाशीष घोष को दबोच लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के पास पुलिस मौके पर पहुंची। दो पिस्टल पुलिस ने होटल से बरामद किया है। पूर्व विधायक सीता सोरेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## रमजान के बीच सीरिया में छिड़ा गृहयुद्ध, 70 की मौत



**एजेंसी /दश्मिक :** रमजान के महीने में मुस्लिम देश सीरिया में गृहयुद्ध छिड़ गया है। यह गृहयुद्ध असद समर्थक तो दूसरी तरफ सीरिया की सत्ता में बैठी एचटीएस के बीच हो रहा है। गुरुवार देर रात दोनों गुटों के बीच सीरिया के लटाकिया शहर में भीषण जंग छिड़ गई। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक भीषण जंग में करीब 70 लोगों की मौत हुई है। हमलावरों ने एक दूसरे से लड़ने के लिए रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल किया है।

बशर अल असद का तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता में आने वाले हयात-ताहिर अल शम के लड़ाके घरों पर गोलियां बरसा रहे हैं। गोलियां बरसाने का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई सुरक्षाबलों ने एक इमारत पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। कहा जा रहा है कि इस इमारत में पूर्व असद शासन के जनरल इटेलिजेंस रह रहे थे। गोलियां चलाने के बाद इंटेलिजेंस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, सीरिया की सीमा में तुर्किए की सेना घुस गई है। तुर्की की सेना बड़े-बड़े टैंक लेकर घुस गई है।

एक तरफ रूस से बात कर ट्रंप यूक्रेन में युद्ध रुकवाने की कवायद में जुटे हैं तो दूसरी तरफ हमास और इजराइल को साथ लेकर गाजा में शांति बहाल कर रहे हैं। इधर सीरिया में जिस तरीके से असद और एचटीएस के लड़ाके भिड़ गए हैं, उससे कहा जा रहा है कि आने वाले वक्त में सीरिया में भी युद्ध छिड़ सकता है।

## होली से पहले सरकारी कर्मचारियों का बढ़ेगा डीए




**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार होली से पहले सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे सकती है। सरकार सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में बढ़ोतरी कर सकती है। अगर ये ऐलान होता है तो 1 l2 करोड़ सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ मिलेगा।

सरकार केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए जनवरी और जुलाई दो बार महंगाई भत्ते में इजाफा करता है। होली से पहले अगर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी होता है तो यह जनवरी से प्रभावी होगा। यह भी अक्सर देखा गया है कि मार्च में होली के आसपास महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में इजाफा किया जाता है। ताकि त्योहार से पहले कर्मचारियों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि 5 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी पर चर्चा नहीं की थी। ऊ्अ में सबसे हालिया बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब यह 50% से बढ़कर 53% हो गया था। 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने डीए को 46% की पिछली दर से बढ़ाकर मूल वेतन का 50% कर दिया था। यह ऐलान होली से कुछ दिन पहले 25 मार्च 2024 को की गई थी।

16 अक्टूबर, 2024 को कैबिनेट ने सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में 3% की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इससे डीए और डीआर दोनों 53% हो गए। संशोधित दरें 1 जुलाई, 2024 से लागू होनी थीं। अब एक बार फिर बढ़ोतरी का इंतजार किया जा रहा है। अब दिसंबर 2024 के एआईसीपीआई5 आईडब्ल्यू डेटा के मुताबिक इस बार महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## सड़क किनारे मिला लकड़बग्घा का शव, सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका



**लातेहार:** जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित हाई स्कूल के निकट सड़क के किनारे एक लकड़बग्घा का शव बरामद हुआ है। लकड़बग्घा के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे संभावना जताई जा रही है कि किसी वाहन के धक्के से लकड़बग्घा की मौत हुई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम के लिए पशु विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया गया है।

**लोगों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीमः** दरअसल, शुक्रवार को कुछ लोगों ने मनिका हाई स्कूल से थोड़ी दूर पर स्थित सड़क के किनारे झाड़ियां में एक जानवर का शव पड़ा हुआ देखा था। मृत जानवर के शव को देखकर लोगों को ऐसा लगा कि किसी बाघ की मौत हो गई है। हल्ला होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। इसकी जानकारी वन विभाग को भी दी गई।

जिसके बाद रेंजर ठाकुर पासवान के निर्देश पर वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की। वन कर्मियों ने मृत जानवर की पहचान लकड़बग्घा के रूप में की। इसके बाद लकड़बग्घा के शव को कब्जे में ले लिया गया और इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

**वाहन के धक्के से मौत होने की संभावना:** इधर, इस संबंध में रेंजर ठाकुर पासवान ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि किसी वाहन की चपेट में आने से लकड़बग्घा की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में लकड़बग्घा पाए जाते हैं। संभावना है कि रात में सड़क क्रॉस करने के दौरान किसी वाहन के चपेट में आने से इसकी मौत हो गई होगी। उन्होंने कहा कि पशु विशेषज्ञ चिकित्सक को बुलाया गया है। मृत लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे दफनाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण भी स्पष्ट हो जाएगा।

## पेरिस में पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम मिला,रोकी गयीं यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियां




**पेरिस :** फ्रांस में रेलवे की पटरियों के पास बम मिलने की खबर है। यहां पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों को रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पेरिस के 'गारे डू नॉर्ड' स्टेशन पर द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम पटरी के पास पाया गया हैं। इसके बाद लंदन जाने वाली यूरोस्टार की सभी ट्रेन सेवाओं को रोकने का फैसला किया गया है।

**क्या है मामला? :** फ्रांस की राजधानी पेरिस में रेल पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन और उत्तरी क्षेत्र जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों का परिचालन शुक्रवार को रोक दिया गया। यूरोस्टार ब्रिटेन की एक ट्रेन सेवा है। फ्रांस के राष्ट्रीय रेल संचालक एसएनसीएफ ने एक बयान में कहा कि पुलिस के अलर्ट के बाद गारे डू नॉर्ड पर अगले आदेश तक रेल परिचालन रुका रहेगा। हम यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का अनुरोध करते हैं।

**'गारे डू नॉर्ड' एक अहम ट्रांजिट हब :** गारे डू नॉर्ड एक प्रमुख यूरोपीय पारगमन केंद्र (ट्रांजिट हब) है, जो यात्रियों को फ्रांस के उत्तर में अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सेवाएं मुहैया कराता है। इसके साथ ही यह मुख्य पेरिस हवाई अड्डे और कई क्षेत्रीय यात्रियों के लिए अहम जगह है।

**अक्सर फ्रांस के आसपास पाए जाते है उस वक्त के बमः** प्रथम विश्व युद्ध या द्वितीय विश्व युद्ध के बचे हुए बम अक्सर फ्रांस के आसपास पाए जाते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार भारतीयों को किया समर्पित



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए प्रतिष्ठित ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर इस कैरेबियाई देश का आभार जताया और इसे 140 करोड़ भारतीयों और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को समर्पित किया।

विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिट ने बृहस्पतिवार को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस सम्मान के लिए सरकार और बारबाडोस के लोगों का आभारी हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों और भारत एवं बारबाडोस के बीच घनिष्ठ संबंधों को ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार समर्पित करता हूं।

## डीएफओ ने अमझर वन क्षेत्र से बरामद किया विस्फोटक, पुलिस को सौंपा

**गिरिडीह :** पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ मनीष तिवारी ने गावां प्रखंड की जमडार पंचायत के वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमझर स्थित पत्थर खदान मां कात्यायनी व गणेश स्टोन पहुंचकर जायजा लिया। दोनों पत्थर खदानों में उत्खनन के लिए मजदूर विस्फोटक लगाने के कार्य में लगे थे। वापसी के क्रम में डीएफओ को अमझर में ही झाड़ी में छुपाकर रखा विस्फोटक दिखा। उन्होंने विस्फोटक को जब्त कर लिया। मामले की जांच के लिए गावां रेंजर अनिल कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने अमझर जाकर इसकी जांच की। जिस जगह से विस्फोटक बरामद हुआ था, वह वन क्षेत्र से बाहर है। इसे देखते हुए वन विभाग की टीम ने बरामद विस्फोटक को गावां थाना के सुपुर्द कर दिया। रेंजर अनिल कुमार ने अमझर से विस्फोटक बरामद होने की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीवीसी कर्मियों के लिए भाषण- वार्ता प्रतियोगिता आयोजित



**कोडरमाः** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में डीवीसी केटीपीएस के तकनीकी भवन सम्मेलन हॉल में डीवीसी कर्मचारियों के लिए भाषण/वार्ता प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मनोज कुमार ठाकुर सीजीएम और एचओपी केटीपीएस के साथ संजय कुमार सिन्हा सीनियर जीएम ओएंडएम इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उपस्थित गणमान्य व्यक्ति प्रवीर चंद जीएम सिविल, रंजीत दास जीएम सीएंडआई एवं वरिष्ठ अधिकारियों, कनिष्ठ इंजीनियरों और अधिकारियों ने भाषण/वार्ता प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का समन्वय लक्ष्मीकांत मंडल डीजीएम सुरक्षा और टीम द्वारा किया गया।

### 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती मनाने का निर्णय



**खलारी :** एससी/ एसटी ओबीसी एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ गुरुवार को अंबेडकर पार्क डकरा में एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक की अध्यक्षता अनीता गंझू और संचालन कन्हाई पासी ने किया इस बैठक मे आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भव्य रूप मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर देवपाल मुंडा, अनीता गंझू, रविन्द्र बैठा, कन्हाई पासी ,जगन्नाथ महतो, महेंद्र उरांव ,अशर्फी राम शंभूनाथ गंझू ,सुखराम सेठ, हलीम खान, जगदीश गंझू , अमृत भोगता, भावेश वर्मा ,अनूप रजक, प्रभाकर गंझू, नित्यानं कैलाश, तुरी किशोर कुमार, मुमताज अहमद, रामू रामदेव, राम महेंद्र ठाकुर, पचू महतो, रमेश गंझू, रमेश तुरी ,परमेश्वर राम ,जंग बहादुर, राम व कई लोग उपस्थित थे।

### भारत जेनेरिक दवा की आपूर्ति के मामले में अहम स्थान रखता हैः रितु सहाय

**रांची :** हमारा देश जेनेरिक दवा की आपूर्ति के मामले में अहम स्थान रखता है। हमने कोविड के दौरान इस दिशा में दुनिया भर में वैक्सीन की सप्लाई की। हाल के वर्षों में कई सरकारी योजनाओं से भी देश में दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा मिला और इस दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। यह बातें आज स्टेट ड्रग्स कंट्रोल डायरेक्टरेट की निदेशक रितु सहाय ने कहीं। वे गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेशनल फामेर्सी एजुकेशन डे के अवसर पर मनाए गए कार्यक्रम फार्मा अन्वेषण 2025 पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोल रही थीं।

उन्होंने छात्रों से आधुनिक तकनीकों को उपयोग कर अपना हुनर बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए झारखंड के एकमात्र विवि के तौर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के चयन और इस निमित्त मिलने वाले अनुदान पर विवि के फामेर्सी विभाग को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को डॉक्टर रेड्डी लैब के वाइस प्रेसिडेंट डॉ राकेश्वर बंदीछोर, पीसीआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर डॉ आकाश वेद के अलावा बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस के प्रोफेसर डॉ। वी। प्रकाश एवं सैमिरा इनोफार्म के जीएम जय गणेश एएस ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने आंत्रप्रेन्योरशिप में उपलब्ध अवसरों, फामेर्सी की भूमिका और इसके इतिहास पर संक्षेप में प्रकाश डाला। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने शिक्षा के उद्देश्यों पर बात की। उन्होंने दवाओं की आवश्यकता को शिक्षा के मूल सत्व से जोड़ते हुए छात्रों को इसकी जरूरत के विषय में बताया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सरला बिरला विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग के इंचार्ज डॉ। शुभ्रजीत मंत्री और धन्यवाद भाषण श्रीमती निशा सिंह ने दिया।

इस अवसर पर डॉ सुभानी बाड़ा, प्रो विजय कुमार सिंह, आशुतोष द्विवेदी, डॉ नीलिमा पाठक, डा शैलेश नारायण, डॉ संदीप कुमार, डॉ सविता, सुरुचि गुप्ता, पल्लवी रानी, अंजलि मिश्रा, पवन महतो, संतोष कुमार समेत विवि के अधिकारी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### आईजी और डीआईजी महीने में एक बार महिला एवं बच्चों से संबंधित कांडों की करें समीक्षाः डीजीपी

**रांची :** महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को समीक्षा की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी महीने में एक महिला एवं बच्चों से संबंधित कांडों की समीक्षा करें। इसके अलावा उन्होंने जिले के एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिलों में महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, कोचिंग संस्थान, स्कूल, महिला हॉस्टल, मॉल जगहों पर संगठित रूप से महिला हेल्पडेक्स खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।डीजीपी ने जिले के एसपी को कहा कि अपने जिला में महिला हेल्पलाईन नम्बर, पुलिस कंट्रोल नम्बर को सार्वजनिक स्थल, ऑटो रिक्शा, सिटी बस, महिला महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि पुलिस को गुप्त रूप से भी सूचना मिल सके एवं आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभी जिलों में महिला थाना प्रभारी, महिला पुलिस पदाधिकारी, निर्भया शक्ति समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से महिला बहुल संस्थान में जाकर महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर विधि-सम्मत कार्रवाई करेंगी। सभी एसपी महिला पीड़िता मुआवजा से संबंधित लंबित एवं वर्त्तमान मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित निष्पादन करेंगे और मिलने वाली मुआवजा राशि को महिलाओं के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

# सीता सोरेन ने की हेमंत सोरेन की तारीफ तो मिथिलेश ठाकुर ने कहा, स्वागत है



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** बीजेपी नेत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार की तारीफ की है। सीता सोरेन ने कहा कि झामुमो बेहतर काम कर रही है। सीता सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं सराहनीय है, वह हर क्षेत्र में कार्य कर रही है।

राज्य सरकार की मंईयां सम्मान योजना लोकप्रिय है, इसमें महिलाएं सबल हो रहीः मीडिया ने जब उनसे ये पूछा कि चुनाव के समय झामुमो ने लोकलुभावन वादा किया था, सत्ता में आने पर पहले किये गये वादों पर किस हद तक अमल किया जा रहा है। इस सवाल का जवाब सीता सोरेन ने नहीं दिया। सीता सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की मंईयां सम्मान योजना लोकप्रिय है, इसमें महिलाएं सबल हो रही हैं। सीता सोरेन ने कहा कि अभी तो मंईयां सम्मान योजना की शुरूआती दौर है, आगे अभी भी इससे बेहतर योजनाओं पर सरकार काम करेगी। सीता सोरेन के इस बयान से कयास लगाए जा सकते हैं कि सीता सोरेन झामुमो में लौटना चाह रही है। वहीं, सीता सोरेन के इस बयान से राजनीति गरमा गई है। पूर्व मंत्री और खटट नेता मिथिलेश ठाकुर ने सोशल मीडिया पर अखबार की कटिंग लगाते हुए लिखा है- स्वागत रहेगा!

2009 में, सीता सोरेन झारखंड के जामा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक के रूप में चुनी गईं। अपने चुनाव के बाद, उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। 2014 में, उन्होंने उसी निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। ??2019 में, उन्होंने झारखंड के जामा निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी बार विधायक का चुनाव जीता। 19 मार्च 2024 को, उन्होंने अपनी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। 2024 में सीता सोरेन ने जामताड़ा से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# झारखंड में जेएमएम नीत गठबंधन अटूट : के राजू

## कांग्रेस राज्य में हेमंत सरकार के साथ एकजुटता बनाए रखने में सफल रही



**मेदिनीनगरः** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के। राजू ने कहा कि राज्य सरकार की स्थिरता को लेकर किसी को भी "भ्रम" नहीं होना चाहिए क्योंकि झामुमो नीत गठबंधन "अटूट" है।

राजू ने यहां एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस राज्य में मौजूदा सरकार के साथ एकजुटता बनाए रखने" में सफल रही है और इस बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, स्थिरता किसी भी राज्य के विकास की गारंटी है और कांग्रेस ने सांप्रदायिक ताकतों को दूर रखने के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को मुद्दा-आधारित समर्थन दिया है।"

संगठन से जुड़े मुद्दों पर राजू ने कहा कि झारखंड में पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए वह पलामू समेत सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने झारखंड में अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद के गठन को भी एक "स्वागत योग्य कदम" बताया।

# मंईया योजना की तरह दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी मिले राशिः डॉ नीरा



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** राज्य में मंईया सम्मान योजना की तरह दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी 2500 प्रति महीने की राशि मिलनी चाहिए। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को विधानसभा में इस आशय की मांग करते हुए सवाल किया कि इनसे राज्य की हेमंत सरकार की क्या दुश्मनी है? उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल लोगों को लॉलीपॉप देकर हेमंत सरकार ठगती रही है। सरकार को चाहिए कि मंईया सम्मान योजना की तरह ही सभी दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी पेंशन का भुगतान करे। एक अन्य मामले में उन्होंने कहा कि जब राज्य की हेमंत सरकार सवालों पर या जनमुद्दों पर जवाब नहीं दे पाती तो सिर्फ केंद्र पर बकाया का भ्रम फैलाती है। यदि बकाया है तो विपक्ष भी साथ देने को तैयार है, पर हकीकत यही है कि पब्लिक सेक्टर उपक्रम पर कथित बकाया को केंद्र पर बकाया बताकर जनता को भरमाने का काम किया जा रहा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि झारखंड के विभिन्न विभागों में रिक्त पद घट गए, इसपरभी सरकार जवाब नहीं दे पा रही। इस सत्र में मुखर होकर अपनी बात रखने वाली भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा, डोमचांच और झुमरीतिलैया समेत अन्य जगहों पर पेयजल की आपूर्ति नियमित तौर पर हो, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसको लेकर भी उन्होंने मामला उठाया। वहीं कोडरमा में जेजे कॉलेज से मेघातरी तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए वन विभाग का अनापत्ति पत्र नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है। इसके लिए भी राज्य सरकार से त्वरित कार्यवायी करने की मांग की गयी है।

# धरतीपुत्र बाबूलाल मरांडी बने नेता प्रतिपक्ष : अनूप जोशी



मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष बने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाए जाने पर कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी के तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा की झारखंड प्रदेश के प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के बनने से झारखंड की राजनीति में एक धार आएगी। जिससे झारखंड की जनता का भला हो सके और उनके हित की बातें सदन में रखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा से लड़कर झारखंड की जनता का आशा और कल्याण की बातें हो सके। क्योंकि बाबूलाल मरांडी जी झारखंड की जमीन से जुड़े हुए नेता है इन्हीं के मुख्यमंत्री कार्यकाल में झारखंड के विकास को आयाम मिला और झारखंड के गांव और कस्बे जिला मुख्यालय से जुड़ सके पुल पुलियों का निर्माण हो सका और झारखंड के विकास की किरण वहीं से शुरू हुई। इसलिए हमें आशा एवं पूर्ण विश्वास है की नेता प्रतिपक्ष के तौर पर यह इंडी गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार से राज्य और जनता के हित के लिए लड़ते रहेंगे और जनता का हित इन्हीं के द्वारा होगा। बधाई देने वालों में केंद्रीय बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी,नितेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, प्रकाश राम, रामनाथ सिंह, अशोक आर्या, जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, जूही दास गुप्ता, जयप्रकाश राम, राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, जिला मंत्री सूरज मेहता, सुधीर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, दिनेश सिंह, अनीता देवी, सुभाष मोदी, मनोज कुमार झुन्नू, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, सुदर्शन यादव, नरेंद्र पाल, विनय शांडिल्य , वीरेंद्र मेहता, राजकुमार यादव, महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष वासुदेव यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभाकर लाल रावत, महेंद्र वर्मा, सुनील मेहता, महेश वर्मा, शिशिर सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीति सेठ, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान, राजेश सिंह, रामचंद्र राम, विजय राम, राज किशोर प्रसाद, किशोर पंडित, जगदीश सलूजा, प्रोफेसर बीएनपी वर्णवाल, रविंद्र श्रीवास्तव, सुधीर सेठ, अजय पांडेय, सुनील पंडित, मुकेश राम, सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, बालमुकुंद सिंह ,विजय राणा, राजेंद्र सिंह, द्वारिका राणा, नवीन चौधरी, इंद्रदेव वर्णवाल, पिंटू मजूमदार, विनोद भदानी, दिनेश्वर प्रसाद, अजीत चंद्रवंशी, वीरेंद्र कराटे, प्रिंस सिंह, राजकुमार तिवारी, निरंजन कसेरा, नवीन जैन, विकास जैन, कामिनी देवी, संगीता सिन्हा, सविता देवी, कविता देवी, रीता लोहानी, रेखा भदानी, बेबी देवी, संतोषी देवी, लीना देवी, पुष्पा वर्मा, बिंदु देवी व अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# जियारत से लौटे तीर्थ यात्रियों का हुआ स्वागत



मेट्रो रेज संवाददाता

**मुरी :** आज मुरी स्टेशन के बाहर सुबह साढ़े दस बजे उमरा के दौरान मक्का मदीना के जियारत से लौटे तीर्थ यात्री का भव्य स्वागत किया गया। 15 दिन के तीर्थ यात्रा से आए मौलाना तबारक हुसैन फैजी,मो हारून,गुलाम मुस्तफा,महिरुदीन अंसारी, अनवर हुसैन,मेराज अंसारी, सज्जाद अंसारी, मेहबूब आलम,मो सोबराती यासिन को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया और गले मिले,हाथ मिलाए, हाथों को चुमा। यह भावुक पल लोगों के बीच रहा। जब परिजन अपने परिवार से मिले। तीर्थ यात्रियों से मिलने वालों में मो फारूक,मो उस्मान, चांद हुसैन,मंजुर आलम, शमशेर हुसैन,मजीद आलम, जफरूल हुसैन,मो मंसुर,मो जब्बार , मुस्लिम,शहीद,अजीम,इसाक,क्युम्ा,सोहेल,हासिम,अनीस,शमीम,जस्ीम,आरिफ अनवर, रिजवान समेत आसपास के दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग आए थे।

# बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का निर्णय स्वागत योग्य : महेंद्र वर्मा



मेट्रो रेज संवाददाता

**डोमचांचः** भाजपा नेता महेंद्र वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का निर्णय झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह राजधनवार विधानसभा विधायक बाबूलाल मरांडी को प्रतिपक्ष का नेता बनाए जाने का निर्णय स्वागत योग्य है। वर्तमान सरकार को समय- समय पर सही जवाब हम सबके नेता बाबूलाल मरांडी से मिलता रहेगा। मैं इस कार्यक्रम का और झारखंड के भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी का और राष्ट्रीय नेताओं का तहे दिल से स्वागत करता हूं और यह उम्मीद जताता हूं की बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी को अधिक मजबूती प्रदान किया जाएगा। और आने वाले समय में भाजपा पार्टी की मजबूती से जनता पुनः सरकार में लेगी।

# देवेंद्र नाथ महतो पर थाने में जानलेवा हमला व अवैध बालू को बंद कराने की दी लिखित शिकायत





मेट्रो रेज संवाददाता

**सिल्लीः** सिल्ली में गुरुवार की देर रात तक बालू के खेल पर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। देवेंद्र नाथ महतो उनके समर्थक एवं श्यामनगर के ग्रामीणों ने बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ थाने परिसर का घेराव किया। रात के नौ बजे से करीब पौने बारह बजे तक देवेंद्र महतो और ग्रामीण थाने में डटे रहे। सभी लोग सिल्ली में हो रहे अवैध बालू के कारोबार को बंद कराने की मांग कर रहे थे। वहीं देवेंद्र महतो ने कुछ लोगों पर उनपर जानलेवा हमला किए जाने का भी आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपा है। देवेंद्र महतो ने आरोप लगाया है कि जब वे ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार की शाम श्यामनगर घाट पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनको धमकी दी और उनपर जान लेवा हमला किया। इधर, जानकारी के मुताबिक देवेंद्र महतो ने दिन में ही इस मामले में श्यामनगर में बैठक की बाद में वे ग्रामीणों के साथ श्यामनगर घाट गए वहां बात बिगड़ गई चुंकि श्यामनगर बालू घाट का टेंडर हो चूका है उसके बाद सभी लोग थाने पहुंचकर विरोध जताया।

नकली बालू घाट को मिल रहा सबका सहयोगः झारखंड खनिज निगम द्वारा जिन बालू घाटों का टेंडर हुआ है वहां से बालू का उठाव व ढूलाई के लिए सहयोग करने वाला कोई नही और जिन बालू घाटों का टेंडर नही हुआ है उन बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव व ढूलाई के लिए सबका अपार सहयोग मिल रहा है। झाबरी, जयनगर, हजाम आदि कई घाटों का टेंडर नहीं हुआ है लेकिन इस घाटों से रोजाना बालू का अवैध उठाव व परिवहन बेखौफ जारी है। इस बात की जानकारी स्थानीय पुलिस सहित जिले के। सभी अधिकारीयों को हैं लेकिन कोई रोकने को तैयार नही है क्यूंकि सभी को अवैध घाटों से रोज दीन मोटी कमाई होती है।

सफेद बालू का काला खेलः सिल्ली में सफेद बालू का काला खेल कोई नया नही यहां का बालू की अवैध कमाई से कई बालू माफिया, नेता और पुलिस प्रशासन के लोग राजधानी में जमीन खरीद कर आलीशान आशियाना बना लिए है और कुछ लोग इसी अवैध कमाई से बनाने के फिराक में है। कुछ बालू माफिया है जिनके पास मोटर साईकिल तक का हैसियत नहीं था और आज फोर व्हीलर गाड़ी में घूम रहे है। मजे की बात है की बालू से मिलने वाले अवैध कमाई का हिस्सा पाने के लिए पार्टी से इस्तीफा देकर नए नए पार्टी में शामिल हो रहे है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलों के चुनाव अधिकारियों के साथ की बैठक

# दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करें और चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करें। यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार की जानी है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुचारु बनाया जा सके।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) और निर्वाचन रजिस्ट्रेशन पदाधिकारी (ईआरओ) के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में यह तय किया गया कि सभी राज्यों को अपने यहां राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनावी विषयों पर चर्चा करनी होगी और उसकी रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी ईआरओ 17 मार्च तक राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर 19 मार्च तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी तरह, सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी 22 मार्च तक बैठक आयोजित कर 25 मार्च तक रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को सौंपेंगे। इसके बाद राज्य स्तर पर सभी रिपोर्टों को संकलित कर राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक की जाएगी और अंतिम रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी।

इस बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, गढ़वा के ईआरओ संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला और बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए हुई समीक्षा, डीजीपी ने दिये निर्देश

### महिला व बच्चों के खिलाफ हुए अपराध में सबसे अधिक लंबित केस हजारीबाग में

**रांची:** राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध की रोकथाम के लिए गुरुवार की शाम डीजीपी अनुराग गुप्ता ने समीक्षा बैठक की। बैठक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी रेंज डीआइजी और जोनल आइजी के साथ हुई। इस दौरान दर्ज केस, केस में पुलिस की कार्रवाई, सुपरविजन के लिए लंबित मामले सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि हजारीबाग जिला में दर्ज 40 केस तीन माह से अधिक पुराने हैं, लेकिन इसमें सुपरविजन नहीं हुआ है। मामले में हजारीबाग रेंज डीआइजी को इस बिंदु पर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अन्य जिलों में पुलिस की कार्रवाई को संतोषजनक पाया गया। समीक्षा के बाद डीजीपी ने महिला और बच्चों के खिलाफ



आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए कई निर्देश भी दिये हैं। बैठक के दौरान पुलिस मुख्यालय में एडीजी अभियान डॉ संजय आनंद राव लाठकर, एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता, रांची जोनल आइजी अखिलेश झा, सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज, सीआइडी डीआइजी संध्या रानी मेहता, डीआइजी रेल प्रियदर्शी आलोक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**डीजीपी ने समीक्षा के बाद दिये कई निर्देश :** सभी एसपी अपने-अपने जिले में महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, कोचिंग संस्था, स्कूल, मॉल सहित अन्य सार्वजनिक स्थल पर हेल्प डेस्क खोलने की दिशा में कार्रवाई करेंगे। झ सभी एसपी हेल्पलाइन नंबर और पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर सार्वजनिक स्थल, ऑटो रिक्शा, कॉलेज के बाहर सहित अन्य स्थानों पर लिखवाकर इसके बारे में प्रचार- प्रसार करेंगे, ताकि किसी बात की सूचना पुलिस को मिल सके। झ सभी जिलों में महिला थाना प्रभारी और महिला पुलिस पदाधिकारी समय- समय पर संस्थान में जाकर महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी एकत्र कर कार्रवाई करेंगे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।

(गुमशुदा की तलाश)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता अंजु कुमारी, उम्र 17 वर्ष पे0 इग्नासियुस एक्का, ग्राम फसिया ढोढरीटोली, थाना+जिला गुमला (झारखण्ड) जो वर्ष 2014 में अंतिम बार दिल्ली में देखा गया था। जिसके संबंध में अहतु थाना कांड सं0 10/19 दिनांक 27.07.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। जिसका रंग सावला, शरीर सामान्य, बाल काला, भाषा सादरी एवं हिन्दी बोलती है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लड़की के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते हैं।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुनण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

पुलिस अधीक्षक, गुमला।

PR 347936 (Police) 24-25 (D)


## बाबूलाल को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर सुनील सिंह ने दी बधाई व शुभकामनाएं

**मेट्रो रेज**

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में आयोजित विधायक दल के नेता की बैठक में पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक (केंद्रीय मंत्री) भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर के लक्ष्मण ा (सांसद)की उपस्थिति में पार्टी के सभी विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता चुने गए। बाबूलाल मरांडी को विधायक दल के नेता चुने जाने पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड विधान सभा को विपक्ष के नेता के रूप में एक सशक्त नेतृत्व की जरूरत थी, जिसे बाबूलाल मरांडी इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं, उन्होंने हमेशा राज्य के विकास और जनता के हितों को प्राथमिकता दी है।



उनके पास प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ राज्य की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों की गहरी समझ है, जो झारखंड को प्रगति के नए रास्ते पर ले जाने में सहायक होगी। वे दूरदर्शी, सशक्त संगठनकर्ता और स्वच्छ छवि के जननायक हैं। उनका नेतृत्व झारखंड में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को नई दिशा देगा। श्री सिंह ने कहा कि मरांडी जी के नेतृत्व में भाजपा सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी, और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। झारखंड में भाजपा विधायक दल का नया नेतृत्व मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। भाजपा कार्यकर्ता अब और अधिक उत्साह के साथ जनता के बीच जाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली से छेड़छाड़ के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ विशाल मानव श्रृंखला

**मेट्रो रेज**

**रांची:** केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में आज केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली के सामने फ्लाईओवर के रैम्प को हटाने की मांग को लेकर विशाल मानव श्रृंखला हरमू रोड श्रद्धानंद चौक से हरमू मैदान तक विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा मानव श्रृंखला के कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की। केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री आदिवासी मामलों में आदिवासी मुख्यमंत्री सोया हुआ है। सिरमटोली फ्लाईओवर मामला में राज्य सरकार के मंत्री आदिवासी समाज को बरगलाने एवं झूठे वादे कर रहे हैं। हेमंत सरकार के अबुआ सरकार में सिर्फ बाबूआ का पूछ है। हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा केन्द्रीय सरना स्थल से छेड़छाड़ करना आदिवासी समाज के साथ बहुत बड़ा आघात है। प्रकृति महापर्व सरहुल पर्व से पहले इस मामला




को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आदिवासी समाज आंदोलन करने पर बाध्य होगा जिसका जवाब देही राज्य सरकार की होगी । मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि फ्लावर का रैंप को शीघ्र अति शीघ्र सरहुल महापर्व से पूर्व उसे फ्लावर रैम को हटा दिया जाए। ताकि शोभा जुलूस किसी तरह का आने-जाने में दिक्कत ना हो। भविष्य में आदिवासियों का किसी भी तरह का धार्मिक सामाजिक स्थलों को छेड़छाड़ ना करें सरकार। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान,महादेव टोप्पो, मुकेश मुंडा, राकेश मुंडा, अंजन मुंडा, आशीष मुंडा, हेमंत मुंडा, नरेश मुंडा, राजू पहान, मुन्ना हेमरोम, मनीष उरांव, रंजीत उरांव, संदीप उरांव, अक्षत हेमरोम, सुमित टोप्पो व अन्य उपस्थित थे ।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।
(गुमशुदा की तलाश)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता मुक्ता टोप्पो, जन्म तिथि दि0–31.03.2000 पे0 स्व0 इंजीनियुस टोप्पो ग्राम–पुन्डी, थाना–जारी, जिला–गुमला (झारखण्ड) जो माह अप्रैल 2014 दिल्ली से लापता है, जिसे अंतिम बार रोहतक (हरियाणा) में देखा गया था, इस संबंध में अहतु थाना कांड सं0 14/2021 दिनांक–28.08.2021 दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा हैं। जिसका रंग सावला, शरीर सामान्य, बाल काला, भाशा सादरी एवं हिन्दी बोलती है। इस लापता लड़की के संबंध में अगर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी/पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते हैं।

3. पुलिस अधीक्षक, गुमला – 9431706376
4. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गुमला – 9431706202
5. थाना प्रभारी अहतु, गुमला – 6200383896, 8986604606

PR 347938 Police(24-25)D

पुलिस अधीक्षक, गुमला।


## हिंदपीढ़ी में किया जाएगा दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन

**रांची :** झारखंड तंजीम रांची महानगर द्वारा दिव्यांग जनों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन 18 और 19 मार्च (2025) को किया जाएगा । इस शिविर में दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जांच एवं पंजीकरण साथ ही स्वास्थ जांच किया जाएगा,जांच एवं पंजीकरण के बाद व्हील चेयर, वॉकिंग स्टीक, कान की मशीन, वॉकर,बैसाखी,कृत्रिम अंग, कैलिपर इत्यादि सहायक उपकरण निशुल्क वितरण किया जाएगा,ये सहायक उपकरण श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सौजन्य से उपलब्ध कराया जाएगा। जयपुर फूट (रांची)के



चेयरमैन ललित केडिया को झारखंड तंजीम रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद जमील ने सॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। साथ ही दो दिवसीय दिव्यांग शिविर की चर्चा की गई। झारखंड तंजीम रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद जमील,महासचिव अनवर आलम,प्रवक्ता राजीफ आलम , उपाध्यक्ष फिरोज अख्तर,अफरोज अंसारी (दिव्यांग समाजसेवी),एजाज अहमद ,जाहिद आलम,इमरान मनवारी व अन्य मौजूद रहे।

## टॉक टू डीसी कार्यक्रम कल से, ग्रामीण इलाके की सुनी जायेगी शिकायत

**रांची:** जिला प्रशासन आम लोगों की शिकायत के निवारण के लिए तकनीक का उपयोग कर रहा है। अबुआ साथी के मोबाइल नंबर 9430328080 पर लोगों की समस्या को मंगाकर उसका हल किया जा रहा है। अब टॉक टू डीसी के माध्यम से ग्रामीण इलाके की शिकायत सुनने की तैयारी की गयी है। यह कार्यक्रम आठ मार्च को शुरू होगा। इसके तहत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ग्रामीण अपनी शिकायत प्रज्ञा केंद्रों को कर पायेंगे। शिकायतों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम डीसी मंजूनाथ भजंत्री सुनेंगे। वहीं, नजदीक के पंचायत भवन में लोग उपस्थित होकर अपनी समस्या बता पायेंगे। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी जुड़ेंगे। इसे लेकर डीसी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये।

**वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन पर चर्चा:** एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने गुरुवार को सभी अंचलाधिकारी के साथ वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की। इसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार दावों की समीक्षा की गयी। लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर विचार किया गया। अंचलाधिकारियों ने राजस्व, वन और वन विभाग के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। इसपर एसडीओ ने समन्वय स्थापित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## महिला दिवस विशेष : सूबे की 28 सशक्त होती महिलाओं की कहानी, समाज में छोड़ी अनूठी छाप

**आशीष तिग्गा**

**रांची:** सूबे की 28 सशक्त होती महिलाएं, जिन्होंने अपनी आत्मनिर्भरता, जागरूकता और नागरिक सेवा केंद्र के अलावा सिविल सोसाइटी से मिले प्रशिक्षण-प्रोत्साहन के उपरांत समाज में अनूठी छाप छोड़ने का काम की हैं। इन महिलाओं ने जहां एक ओर अपनी निजी दशा-दिशा में परिवर्तन किया ही। साथ ही खुद के संघर्ष से मिली सीख के जरीये अपने आसपास रहने वाले समाज और अन्य जरूरतमंद महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत का काम कर रही हैं। इसके अलावा ये सशक्त महिलाएं आज नई परिस्थिति में खुद को आत्मनिर्भर बनाकर दूसरों को सशक्त करने की मुहिम में जुटी हैं। इन्ही महिलाओं पर प्रोफेशनल असिस्टेंस फोर डेवलपमेंट एक्शन (प्रदान) ने 59 पन्नों की प्रभावशाली परिवर्तन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित कहानियां उत्कृष्टता का ब्लू प्रिंट तैयार की हैं। जिसमें 52 नागरिक सेवा केंद्र की टीम ने अहम भूमिका निभाई हैं। इस कहानी में गोड्डा ब्लॉक की झिलुआ पंचायत की कर्णपुरा गांव में रहने वाली मरंगबिटी मुर्मू का वित्तीय संघर्षों और लेन-देन की कमी के कारण बैंक खाता वर्षो तक निष्क्रिय था। परंतु सिविल सोसाइटी के प्रयास से उसका खाता दोबारा चालू हुआ और उसमें थोड़ी सी राशि जमा कर भविष्य के लिए बचत करना शुरू की और नागरिक सुरक्षा स्कीमों के लिए पात्रता बन गई। गुमला पालकोट की रहने वाली मिला देवी और उसका पति वंशी साहू जो शारीरिक रूप से असक्षम था, वर्षो से राशन कार्ड नहीं होने से काफी मुश्किलों से गुजर रहे थे। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी बिना राशन कार्ड के जिंदगी गुजर रही थी। परंतु एनएसके की दीदी से मुलाकात होने पर जिला आपूर्ति कार्यालय तक समस्या पहुंची और राशन कार्ड मिला। जिससे उनके परिवारिक की दैनिक हालात कुछ हद तक सुधर गई। गोडडा पोड़ेयाहाट के कस्तूरी पंचायत में बसे केराडीह गांव में स्थानीय लोग परेशान थे। लंबे समय राशन डीलर के द्वारा राशन आपूर्ति नहीं की जा रही थी। परंतु नागरिक सहायता केंद्र की दीदी नीतू टुडू के हस्ताक्षेप के बाद व लिखित शिकायत के बाद जांच हुई और गांव के लोगों का समाधान हो गया। शिकारीपाड़ा की सावित्री देवी के पति का देहांत हो गया था। जिसके कारण परिवारिक चुनौतियां काफी बढ़ गई। जिसमें एनएसके के साथियों का साथ मिला और ब्लॉक में विधवा पेंशन के लिए आवेदन जमा किया गया और कुछ दिनों के उसे पेंशन की राशि



मिली। इसके बाद वह खुद दूसरी महिलाओं को प्रेरित करने की दिशा में जुट गई। इसी जिला की प्रियंका जन्म से दिव्यांग थी। परंतु उसे दिव्यांग प्रमाण नहीं मिला था। जिससे उसका उपचार और अन्य सरकारी सुविधा का लाभ लेने से वंचित थी। परंतु उसकी मां शोभा किरण महिला मंडल की सदस्य बनी और मार्गदर्शन के बाद अपनी पुत्री को स्वामी विवेकानंद निशशक्त पेंशन का लाभार्थी बनाया। अपनी प्रियंका अपनी संघर्ष भरी यात्रा के माध्यम से दूसरों की भी मदद कर रही हैं। ऐसी ही कहानी जरीडीह ब्लॉक की विधवा गीता देवी की हैं, जिन्होंने छोटे से प्रयास के बल पर विधवा पेंशन पाई और उसके बदौलत आत्मनिर्भरता के लिए टोकरियां बनाकर बाजार में बेचकर अपना परिवार की जिम्मेवारी संभाली। गुमला कुरडेग के ओरिया पंचायत में महिलाओं ने स्कूल की दशा-दिशा सुधारने के लिए बीड़ा उठाई और बच्चों को मिलने वाले पौष्टिक भोजन की गुणवता में सुधार कराया। दुमका काठीकुंड ब्लॉक की झिकरा गांव की रत्नी देवी ने जीवन की कठिनाईयों को पार करते हुए देसी मुर्गी पालन में आत्मनिर्भर हुई और विधवा होने के बावजूद भी पूरे परिवार की जिम्मेवारी संभाली। इसके अलावा शिकारी पाड़ा की अनिता ने बुजुर्ग महिला बिलाशी देवी के आधार कार्ड की तकनीकी खामियों को दूर करवा वृद्धापेंशन दिलाने का काम की।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन-835210 फोन नं0-06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

पत्रांक............/ दिनांक............/

-:: अति अल्पावधि भाव आमंत्रण सूचना ::- (प्रथम आमंत्रण)

मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक प्रोग्राम मैनजमेंट यूनिट (राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग झारखण्ड रॉंची का पत्रांक Chemicals Procurement (B)-27/2023-186/SWM दिनांक 05.03.2025के अनुपालन में जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला में Chemical(CRM) का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री का निम्न अंकित Specification के अनुरूप निबंधित दुकानदार/ डिलर से आपूर्ति करने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किया जाता है। Chemicals Procurement की जाने वाली सामग्रीयों के दर के साथ भाव पत्र से दिनांक 15.03.25 को 01:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जमा सभी बन्द लिफाफों को दिनांक – 15.03.25 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा। इस कार्य हेतु मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक (PMU) का निर्देश प्राप्त है।

| Sl. No. | Name of Chemical (CRM) | Specification of CRM/SRM to be supply | Qty | Quoted Rate by Bidder In per Unit with taxes | | Date of Opening of Quatation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rate in Figure | Rate in Words | |
| 1. | Standard Buffer pH 4.01s | Turbidity 400 NTU CRM - Turbidity (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 400 NTU - Standard 100 ml/ bottle ISO 17034 certified | 01 | | | 15.03.25 को 04:00 बजे अपराह्न |
| 2. | Standard Buffer pH 9.18 | PH Buffer Solutions 7.00 - PH Buffer Solutions (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.00 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |
| 3. | Sodium Chloride (Nacl) | Colour STD - Potassium Chloreplatnate Solutions (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.01 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |
| 4. | Sodium Carbonate | Calcium Carbonate CaCo3 - Calcium Carbonate CaCo3 (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.01 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |

नोट– इस नोटिस से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी के सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट अथवा वेबसाईट www.dwsd.Jharkhand.gov. in लिन्क http://112.133.209.136:8000/dwsd/home.aspx पर देखा एवं किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 347998 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## ट्रंप, टैरिफ और विश्व

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में सब को चकित करने वाले जिस तरह की फैसला ले रहे हैं उसके कारण समूचा विश्व परिदृश्य बदल रहा है। अमेरिका के पारंपरिक मित्र देश उनसे दूर होते जा रहे हैं और दूसरी और पारंपरिक शत्रु देश करीब आ रहे हैं। सब कुछ इतनी तेज गति से हो रहा है कि अमेरिका के मित्र और सहयोगी देश स्तब्ध और चिंतित हैं। इस बीच बुधवार को ट्रंप ने अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए भारत समेत दुनिया के कई अन्य देशों पर 2 अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। सिटी रिसर्च नामक संस्था के अनुमान के मुताबिक ट्रंप के इस फैसले से भारत को प्रतिवर्ष करीब 7अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में फार्मास्यूटिकल्स,ऑटोमोबाइल, मेटल, केमिकल और ज्वेलरी हो सकते हैं। ट्रंप ने साफ तौर पर कहा है कि अमेरिकी सामानों पर भारत जितना टैरिफ लगाएगा अमेरिका भी भारतीय सामानों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य चैंबर ने चेतावनी जारी किया कि ट्रंप के टैरिफ से विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और 1930 की जैसी महान मंदी आ सकती है। जाहिर है यूक्रेन को लेकर ट्रंप के फैसलों के खिलाफ यूरोपीय देश एकजुट और लामबंद हो रहे हैं और अब टैरिफ में बढ़ोतरी से उनपर विपरीत असर पड़ेगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ट्रंप के टैरिफ को बेहद मूर्खतापूर्ण बताते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को खुश करने के लिए कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू किया है। चीन ने भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका युद्ध चाहता है। चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य युद्ध हो। यह स्पष्ट हो गया है कि ट्रंप ,अमेरिका फर्स्ट' के तहत संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। जिसका दुनिया भार की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा। यदि ट्रंप मानते हैं कि चीन अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और इसलिए वह उसके साथ दोस्ताना संबंध काम करना चाहते हैं तो उन्हें यह भी याद रखना होगा कि हिन्दझ्प्रशांत क्षेत्र में भारत की जरूरत पड़ेगी। भारत को टैरिफ से बचने के लिए बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से आगे बढ़ना होगा। यहां के प्रमुख निमार्ताओं को अपने उत्पादन को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाना होगा ताकि उनकी मांग और बढ़े।

## रिश्ते सुधारने की कवायद

पड़ोसी देश बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते हर दिन नई करवट लेते दिखाई देते हैं। ताजा घटनाक्रम में बांग्लादेश ने यह उम्मीद जताई है कि वह भारत के साथ मजबूत संबंध का हितैषी है। स्वाभाविक है बांग्लादेश के ऐसा सोचने के पीछे उसकी मजबूरी है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त महीने में तख्तापलट के बाद से वहां रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों के साथ नृशंसता बरती जा रही है। कई हिन्दूओं को मार ड़ाला गया। कइयों के घर बर्बाद कर दिए गए तो कई हिन्दू लड़कियों और महिलाओं के साथ बर्बरता की गई। भारत के लाख समझाने और बांग्लादेश पर दबाव ड़ालने का भी कोई सकारात्मक परिणाम निकलता नहीं दिखाई दिया। इसके बाद भारत ने जब बांग्लादेश पर नकेल कसी तो उसका रवैया नरम दिखा। मुहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहिद हुसैन ने यह कहकर कि वह भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना चाहता ह, नरमी के संकेत दिए हैं। हुसैन ने यह भरोसा भी जताया कि भारतीय उच्चायोग जल्द ही बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना शुरू कर देगा। दरअसल, बांग्लादेश को अब यह बात समझ में अच्छे से आ गई है कि भारत के साथ रिश्ते खराब करने के दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। बांग्लादेश के साथ भारत के सभ्यतागत, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक संबंध हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच पानी की साझेदारी,सीमा से होने वाले कारोबार और शरणार्थियों के मुद्दे अहम रहे हैं। साझी भौगोलिक स्थिति के कारण दोनों देशों के साथ ये मुद्दे जुड़े रहेंगे। बांग्लादेश चावल, गेहूं, प्याज, लहसुन, चीनी,कॉटन,अनाज, रिफाइंड ,पेट्रोलियम, इलेट्रिक उपकरण,प्लास्टिक और इस्पात के लिए भारत पर निर्भर है। बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग भी इस नाते विश्व भर में अव्वल है क्योंकि कच्चा माल के लिए वह भारत पर निर्भर है। कुल मिलाकर अगर बांग्लादेश का लंबे वक्त तक भारत से संबंध कड़्वाहट भरा रहेगा तो उसकी स्थिरता और पूरी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। बहरहाल, बांग्लादेश को यह बात थोड़ी देर से समझ आई है। अगर उसे तरक्की करनी है और पहले जैसा बनना है तो उसे भारत के साथ रिश्तों को सहज और सौहार्दपूर्ण बनाना ही होगा। देर से ही सही लेकिन लगता है उसे यह बात समझ में आ गई है।

# बचपन और खिलौनों का संसार

दुनिया में लोकप्रिय खेल शतरंज प्राचीन भारत में चतुरंग या चादुरंगा के रूप में खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब पच्चीसी के रूप में खेला जाता था। हमारे धर्मग्रंथों में भी बालक राम के लिए अलग-अलग कितने ही खिलौनों का वर्णन मिलता है। ज्यादातर भारतीय खिलौने प्राकृतिक तथा ईको फ्रेंडली चीजों से बनते रहे हैं और उनमें इस्तेमाल होने वाले रंग भी प्राकृतिक और सुरक्षित होते हैं। खिलौने न केवल क्रियाशीलता बढ़ाते हैं, बल्कि महत्वाकांक्षाओं को पंख भी लगाते हैं। बच्चों के मस्तिष्क विकास में खिलौने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और मनोवैज्ञानिक गतिविधियों तथा ज्ञान की कुशलता बढ़ाने में बच्चों की मदद करते हैं। खिलौने का एक-एक रंग बच्चे के जीवन में कितने ही रंग बिखेरता है। भारत के घरेलू बाजार के साथ-साथ वैश्विक खिलौना बाजार में हमारे विनिर्माण क्षेत्र के लिए खिलौना उद्योग एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

**अनुज आचार्य**

सृष्टि परिवर्तनशील है और वर्तमान संचार एवं प्रौद्योगिकी के बदलते जमाने में नित नए बदलाव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं जो बच्चों सहित सभी की दैनिक गतिविधियों को भी प्रभावित कर रहे हैं। कभी एक बचपन वह भी था जिसमें मोबाइल गेमिंग से इतर लुकाछिपी, गिली-डंडा, सुंदर स्टापू, कंचे-गोलियां, सांप-सीढ़ी, लुडो, पि्ू गर्म, लंगड़ी टांग और सस्ते खिलौनों में ही बच्चों का संसार सिमटा होता था। आज संपन्न वर्ग के लोगों के पास रुपया-पैसा खूब है तो इलेक्ट्रॉनिक के एक से बढकर एक बैटरी चालित खिलौने बाजार में मौजूद हैं, वहीं सामान्य वर्ग के बच्चों के मनोरंजन के लिए प्लास्टिक के बने सस्ते खिलौने भी बहुतायत में मिल जाएंगे। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में मेलों के दौरान ऐसे खिलौनों की भरमार देखने को मिलती है जहां बच्चों को अपने माता-पिता से खिलौने लेकर देने की जिद्द के चलते उन्हें दुकान के आगे लोटम-पोट होते हुए अक्सर देखा जा सकता है। जब तक बचपन का सुनहरा दौर रहेगा, खिलौनों का संसार यूं ही बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करता रहेगा। हिंदू धर्मग्रंथों में भी अलग-अलग खिलौनों का वर्णन पढ़ने को मिलता है।

दुनिया में लोकप्रिय खेल शतरंज प्राचीन भारत में चतुरंग या चादुरंगा के रूप में खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब पच्चीसी के रूप में खेला जाता था। हमारे धर्मग्रंथों में भी बालक राम के लिए अलग-अलग कितने ही खिलौनों का वर्णन मिलता है। ज्यादातर भारतीय खिलौने प्राकृतिक तथा ईको फ्रेंडली चीजों से बनते रहे हैं और उनमें इस्तेमाल होने वाले रंग भी प्राकृतिक और सुरक्षित होते हैं। खिलौने न केवल क्रियाशीलता बढ़ाते हैं, बल्कि महत्वाकांक्षाओं को पंख भी लगाते हैं। बच्चों के मस्तिष्क विकास में खिलौने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और मनोवैज्ञानिक गतिविधियों तथा ज्ञान की कुशलता बढ़ाने में बच्चों की मदद करते हैं। खिलौने का एक-एक रंग बच्चे के जीवन में कितने ही रंग बिखेरता है। भारत के घरेलू बाजार के साथ-साथ वैश्विक खिलौना बाजार में हमारे विनिर्माण क्षेत्र के लिए खिलौना उद्योग एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। भारतीय खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने से वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और भारत को भी फायदा मिलेगा। दुनिया में खिलौनों का कारोबार 6624 अरब रुपए का है। भारत के 125 अरब के खिलौना कारोबार में से 88 अरब के खिलौनों अर्थात 85 फीसदी खिलौने बाहर से आयात किए जाते हैं, जिसमें से 15 प्रतिशत खिलौनों को मलेशिया, जर्मनी, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और अमरीका से मंगाया जाता है, शेष 85 फीसदी खिलौने चीन से आयात किए जाते हैं। चीन दुनिया भर में 1472 अरब रुपए के खिलौनों का निर्यात करता है। दुनिया भर में खिलौना उद्योग 5 फीसदी की दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है, जबकि भारत में यह उद्योग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। भारत में खिलौना उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। साल 2014-15 से 2022-23 के बीच, खिलौनों के निर्यात में 239 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं, आयात में 52 फीसदी की गिरावट आई है। यह खुशी की बात है कि भारत अब खिलौना निर्यात में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस उद्योग से जुड़े उद्यमियों को सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए। चूंकि खिलौना उद्योग लंबे समय से अनेकों बाधाओं का सामना कर रहा है, इस कारण भारतीय खिलौना उद्योग की वृद्धि दर अपेक्षित विकास की तुलना में बहुत कम हुई है। दूसरे खिलौना उद्योग की समस्याओं के समाधानों के लिए कोई नीति न होने से इस सेक्टर में वृद्धि की रफ्तार धीमी है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वित दृष्टिकोण का अभाव है। इसके अलावा खिलौना निर्माण एक स्वैच्छिक क्षेत्र है, जिसमें न केवल उत्पादन के लिए, बल्कि तैयार उत्पादों के भंडारण और इसकी पैकिंग के लिए बड़ी मूलभूत सुविधाओं की जरूरत होती है। खिलौना उद्योग के क्षेत्र में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। जैसे आसान तरीके से बैंकों से ऋण अथवा वित्तीय सहायता न मिलना। खिलौना उद्योग में डिजाइन और इनोवेशन की बहुत कमी है, जिसके कारण नए उत्पाद बनाना बहुत मुश्किल है। खेद है कि भारत में कोई भी एकल समर्पित खिलौना डिजाइन संस्थान नहीं है। दुनिया में बेचे जाने वाले ज्यादातर खिलौने इलेक्ट्रॉनिक हैं, जबकि भारत में बने खिलौने यांत्रिक ही ज्यादा हैं। खिलौनों के निमार्ता इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों पर अधिक जीएसटी दर लगने के कारण इलेक्ट्रॉनिक खिलौने बनाने से हिचकते हैं।

वर्तमान में, मैकेनिकल खिलौनों पर 12 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों पर 18 प्रतिशत और वीडियो गेम और वीडियो गेम कंसोल पर 28 प्रतिशत जीएसटी की दर से टैक्स लगता है। खिलौनों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक उचित आयात प्रतिस्थापन नीति की भी आवश्यकता है, तभी भारत के खिलौना उद्योग का मजबूत विकास होगा। इधर दिन-प्रतिदिन इंटरनेट गेमिंग की तरफ बच्चों का रुझान बढ़ता जा रहा है, जिसकी तरफ बच्चे-बड़ें सभी आकर्षित हो रहे हैं, लेकिन इसकी लत के शिकार बच्चों एवं युवाओं में कई तरह के मानसिक डिसऑर्डर भी देखने में आ रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में उत्तम श्रेणी के खिलौने अथवा ऐसी वीडियो खेलों को विकसित करने की आवश्यकता है जिनसे बच्चों का मानसिक संतुलन भी बना रहे और वे परिवार एवं समाज में भी सामंजस्य बिठा सकें। इसके अलावा घरों तथा पाठशालाओं में पारंपरिक खेलों से बच्चों को जोड़ने से बच्चों का शारीरिक एवं भावनात्मक विकास भी होगा, जिससे अंततः समाज का ही भला होगा। भारतीय खिलौना कारोबार को नई बुलंदियों पर पहुंचाने से न केवल बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसरों का सृजन भी होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा।

# बासंतिक शोभना का शिखर होली

भारतीय संस्कृति की अग्रणी उत्सवी विरासत थी होली कभी। भारत के ग्राम्य जीवन की परंपराओं का ऋतु प्रसाद थी होली। ऐसे व्यतीत समय का स्मृतिविहार करते-करते बचपन याद हो आता है। हिमालय की तलहटी के गांवों में होलिका उत्सव एक या दो दिनों का नहीं, अपितु महीनों का उत्सव हुआ करता था। गांव के युवक मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकांड करने के बाद पंय्या नामक पवित्र वृक्ष की एक बड़ी टहनी काटकर लाते और गांव के किसी आकर्षक-आह्लादित स्थल पर उसे खड़ा करके उसे होलिका का स्वरूप प्रदान करते।

**विकेश कुमार बडोला**

फाल्गुन माह के आगामी शोभित-स्वर्णिम दिनों में होली आएगी। काश यह आएगी की वास्तविकता प्रत्येक सप्ताह पुनः-पुनः घटती। काश होली का दिवसीय मध्याह्न सदैव के लिए ठहर जाता। काश होलिका दहन की रात्रि हर दो दिन बाद प्रकट होती। मौसम की अस्थिरता, कुरूपता, प्रतिकूलता और विकृतियों से पीड़ित प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति के अंतर्मन में ऐसे ही दार्शनिक विचार उमड़ते रहते हैं। जब कोई दिवस, त्योहार या उत्सव सुंदर-सुभाषित मौसम के साथ उपस्थित होता है तो एक अप्रत्याशित इच्छा उभरती है कि काश आगे का जीवन-समय ऐसी ही सुंदरता-सुभाषिता के साथ बीते। किंतु ऐसा होने या घटने की मनुष्य के पास केवल दार्शनिक कल्पना ही है। वास्तव में इस युग में पृथ्वी पर ऐसा होना असंभव है। इस लेखक के जीवनकाल में तो ऐसा होना संभव है ही नहीं। बाद में चमत्कार द्वारा ऐसा हो जाए, तो सुंदर दार्शनिक कल्पनाओं के साथ जीने वाले उस समय के व्यक्तियों का सौभाग्य। होली के त्योहार से पहले के दस-पंद्रह दिन सौंदर्य, माधुर्य, आश्चर्य और सहचर्य से परिपूर्ण होते हैं। होलिका दहन की विशिष्ट रात्रि और होली का विशेष दिवस, दोनों ही प्राकृतिक सौंदर्य के सर्वाधिक आकर्षक स्वरूप होते हैं। जहां फाल्गुन माह की पूर्णिमा रजनी के प्रति सम्मोहन बढ़ाती है, वहां रंगों से भरा वातावरण दिवस के प्रति मुग्धता में वृद्धि करता है। वर्षों पहले होली जैसे उत्सव जन-जब के हृदय में वह आनंद भरते थे, जो जीवन-संघर्ष की पीड़ाओं का औषध बनकर हरण करते थे। जब तक होली ग्रामीण भारत में पारंपरिक विधि-विधानों के साथ मनाई जाती थी, तब तक मनुष्य के जीवन का सबसे आनंदित पक्ष हुआ करती थी। भारतीय संस्कृति की अग्रणी उत्सवी विरासत थी होली कभी। भारत के ग्राम्य जीवन की परंपराओं का ऋतु प्रसाद थी होली। ऐसे व्यतीत समय का स्मृतिविहार करते-करते बचपन याद हो आता है। हिमालय की तलहटी के गांवों में होलिका उत्सव एक या दो दिनों का नहीं, अपितु महीनों का उत्सव हुआ करता था। गांव के युवक मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकांड करने के बाद पंय्या नामक पवित्र वृक्ष की एक बड़ी टहनी काटकर लाते और गांव के किसी आकर्षक-आह्लादित स्थल पर उसे खड़ा करके उसे होलिका का स्वरूप प्रदान करते। वृक्ष के चहुंओर उपलों का ढेर लगाया जाता। फाल्गुन पूर्णिमा की रात तक प्रतिदिन लकड़ियां ला-ला कर वहां रखी जातीं। पूर्णिमा तक उपलों और शुष्क लकड़ियों का ढेर टहनी की ऊंचाई तक पहुंच जाता। युवक उसके चहुंओर मानव-श्रृंखला बनाकर घूमते। गीत-गायन करते। मंत्र-वादन करते। युवकदल अपने गांव के प्रत्येक घर और दूसरे गांवों के घर-घर जा कर भी ऐसा ही उपक्रम करते। प्रातःकाल से पूर्व अपने गांव लौट आते। चंद्र दीप्ति से पूर्ण रात्रियों में पहाड़ों के गांवों-गांवों की पदयात्रा करना कितना अनुपम और मनोहर उत्सवीकर्म होता! होली उत्सव का यह स्वरूप मानवीय और सामाजिक संबंधों को गहन करता था। ऐसा त्योहारी उपागम मानव की दृष्टि-अंतर्दृष्टि को जीवंत बनाता था। उसे मानवीयता से संचित किया करता था। यदि होली उत्स को पौराणिक, धार्मिक और सामाजिक प्रसंगों से पृथक कर केवल प्राकृतिक रूप, स्वरूप, रंग व तत्त्वों के साथ एकाकार होने तक सीमित कर मनाया जाए, तो भी यह धरती का अप्रतिम उत्स बन जाता है। सतयुग, राजा हिरण्यकश्यप, हिरण्यकश्यप के पुत्र भक्त प्रह्लाद, प्रह्लाद की बुआ होलिका और नरसिंह भगवान के स्वरूप में श्रीविष्णु के अवतरण के पौराणिक चरित्रों-पात्रों के साथ होली को न भी संबद्ध करें, तो भी होली विहंगम है। किंतु जब उत्सव की आधारशिला ही उक्त युग और उसके चरित्र-पात्र थे, तो तब कोई नास्तिक ही होगा जो इन्हें छोडकर उत्सवी रंग में स्वयं को रंगना चाहेगा। होली के पुरातन, प्राचीन, पौराणिक और सर्वोपरि प्राकृतिक भाव-विचारों के साथ रंगोत्सव में डूबना वास्तव में मुक्ति का जीता-जागता अभ्यास है। बासंती सम्मोहन में डूबकर कौन होगा जो मोक्ष जैसी अनुभूतियां नहीं करता होगा! वर्षभर ऋतु जैसी भी हो, परंतु होलिका दहन की रात और रंगक्रीड़ा के दिवस में ऋतु साक्षात सौंदर्य आभा बनकर प्रकट होती है। बासंतिक शोभना द्वारा संपूर्ण भूलोक एक दिव्यलोक में परिवर्तित हो जाता है। बसंत ऋतु के यौवन का चरमोत्कर्ष होती है फाल्गुन पूर्णिमा। भू की अनुभूति स्वर्गिक हो उठती है इस दिन। सेमल, पलाश या टेसू, बुरांश इत्यादि प्रजातियों के वृक्ष अपने लालरंगी पुष्पों के साथ धरती की सुषमा को व्योम तक फैला देते हैं। व्यक्ति की संवेदनाएं ऐसे व्योम को स्पर्श करने के लिए आतुर हो उठती हैं। व्याकुलता, आकुलता और चंचलता से संचित व्यक्ति वातावरण की मधुरिमा के अंश-अंश को अपने तन-मन के आलिंगन में ले लेना चाहता है। मनुष्य ही नहीं जीव-जंतु भी इस बासंती ऋतुचर्या में मधुप हो उठते हैं। वसुंधरा का कण-कण मधुपान कर रहा होता है। प्रकृति का अंश-अंश बासंती ओजस्विता में डूबा रहता है। ऐसे कमनीय जीवन-आलोक में मनुष्य जो कुछ सोचता है, जो कुछ करता है और जिधर, जिसे भी देखता है, सभी कुछ उसे अपनी ओर आकृष्ट कर रहा होता है। रंग-रंग की कणश्रृंखलाएं, रंगोली की धूम्र लहरें और वायु प्रभाव में उनकी नैसर्गिक सुगंधिता वायुमंडल में प्रवाहित होती है, तो मनुष्य अधीर हो उठता है। ऐसे में नभ का सुनील विस्तार चक्षुओं के माध्यम से आत्मा में सिमट आता है। धरा की हरियाली हाथ-पांवों को स्पर्श करती है तो शुष्क चेतना जीवंत हो उठती है। काया को छोड़ सब कुछ वायु की स्निग्धता में प्रवाहित होता रहता है। अग्निसम सूर्यप्रकाश कायिक-आत्मिक जड़ता को भी अपने स्वर्णिम पीतरंग द्वारा कांतिवान बना देता है। काया के अंग-प्रत्यंग पर जलराशि का स्पर्श होते ही ऐसा लगता है मानो पावन सरिताओं में तरणक्रिया का उत्ताल हर्ष हो रहा हो। पंचतत्त्वों का ऐसा ऋतुसंपर्क मानव के अस्तित्व को मानवीय स्तर से अत्यधिक ऊंचा उठा देता है। गत वर्ष होली उत्सव बीत जाने पर उत्सव-विदाई का एक हृदयविदारक भाव उत्पन्न हुआ था, जिसे इस प्रकार शब्दों द्वारा बांधा था : नयन जो थे प्रतीक्षारत होली पर आने वालों के लिए/नयन वही अब हैं उदासीन होली बीत जाने के लिए/ उत्सवी यात्रा भली थी, उत्सवी लक्ष्य से/पुष्प डालियों पे ही भले थे, रंग होकर उड़ने से/लौट रहे हैं पांव वापस लक्ष्य साधकर/थके सहमे उदास आए थे जिधर से/बढ़ रहे हैं उधर हृदय चीरकर मन मारकर/यात्रा में आते हुए, यही पांव थे कितने भले/आने की प्रसन्नता में चरण को कितने मनचले/ फाग की प्रातःघड़ी में दिखा था/रंगदिवस की प्रातःबेला में खिला था/सुंदरियों से भरा रंगस्वप्न/स्वप्नदर्शी रूपसियों-कामिनियों का उसमें/था कितना मधुरिम स्पंदन/जागने पर अनुभूतियां इसकी/थीं कितनी भलीं शीतल सजल सुरभित/हाय रे!

# चेतना

## चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

आत्मा को कितना ही कुचला जाए वह न मरने वाली है और न हार मानती है। अनसुनी, उपेक्षित पड़ी रहने पर भी अन्तरात्मा की विरोधी आवाज उठती ही रहती है। दुष्कर्म करते समय जी धड़कता और पैर कांपते हैं। यह स्थिति कितनी ही दुर्बल क्यों न कर दी जाए, उसका अस्तित्व बना ही रहेगा और झंझट तब तक चलता ही रहेगा। जब तक दुष्प्रवृत्तियां उस घुसपैठ से अपना पैर वापस न लौटा लें। अन्तर्द्वन्द्व जीवन की शांति और सुव्यवस्था को नष्ट करते हैं। प्रगतिपथ अवरुद्ध करते हैं और भविष्य को अंधकारमय बनाते हैं। पापों की परिणति से किसी भी बहाने बचा नहीं जा सकता। यह शारीरिक संविधान की सामान्य क्रिया पद्धति हुई। इसके अतिरिक्त समाजगत,प्रकृतिगत एवं ईश्वरीय व्यवस्था के और भी ऐसे कितने ही आधार हैं। जिनके कारण कुमार्गगामी को अपने दुष्कृत्यों के दंड अनेक प्रकार से भुगतने के लिए विवश होना पड़ता है। राजदंड की व्यवस्था इसीलिए है कि दुष्कर्मों की आवश्यक रोकथाम की जा सके और अनीति बरतने वालों को उनकी करतूतों का मजा चखाया जा सके। पुलिस, कचहरी, जेल,फांसी आदि की शासकीय दंड व्यवस्था का अस्तित्व मौजूद हैं। चतुरता बरतने पर भी लोग अक्सर पकड़ में आ जाते हैं, और आर्थिक, शारीरिक, मानसिक दंड भुगतते हैं। बदनामी सहते और नागरिक अधिकारों से वंचित होते हैं। इतने पर भी पीछा नहीं छूटता। शारीरिक और मानसिक व्याधि उन्हें घेरती हैं और तिल-तिल कर-के रीतने, काटने जैसा कष्ट देती है। शरीर पर मन का अधिकार है। अचेतन मन के नियंत्रण में आकुंचन- प्रकुंचन, निमेष-उन्मेष, श्वास- प्रश्वास, रक्त- संचार, ग्रहण- विसर्जन आदि अनेक स्वचालित समझी जाने वाली गतिविधियां चलती हैं। चेतन मन की शक्ति से ज्ञानेंद्रियां और कर्मनेंद्रियां काम करती हैं। शरीर तभी तक जीवित है जब तक उसमें चेतना का अस्तित्व है। प्राण निकलते ही शरीर सड़ने और नष्ट होने लगता है। चेतना का केंद्र स्थान मस्तिष्क है। मन के रूप में ही हम चेतना का अस्तित्व देखते एवं क्रियाकलाप का अनुभव करते हैं। यह संस्थान मनोविकारों से पाप- ताप एवं कषाय-कल्मषों से विकृत होता है तो उसका प्रभाव शारीरिक आरोग्य, मानिसक संतुलन पर पड़ता है।

## आपके पत्र

### प्रकृति स्वरूपा है नारी, ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

लेकिन जो भी शूल, पुष्प रास्ते में मिलते हैं, उनके बारे में चर्चा केवल उन्हीं व्यक्तियों से करना पसंद करते हैं जो हमें न केवल सुन सके, बल्कि बिना किसी आकलन के निर्विरोध भाव से सहन भी कर सके। ऐसा व्यक्तित्व केवल पृथ्वी रूपी नारी के पास ही संभव है। प्रकृति का सौंदर्य केवल बाह्य ही नहीं, भीतरी भी होता है, जैसी किसी बीज को संजो के वह कोख में पालती है, वैसे ही नारी भी करती है।

**आरपी शर्मा, रांची।**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सलमान खान की फिल्म सिकंदर का पहला गाना जोहरा जबीन रिलीज



**बॉलीवुड** के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर का पहला गाना जोहरा जबीन रिलीज हो गया है। सलमान खान की मोस्टअवेटेड फिल्म सिकंदर का का पहला गाना जोहरा जबीन रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन ए. आर. मुरुगादॉस ने किया है, जबकि इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं।

गाना जोहरा जबीन इस ईद को खास बनाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। जबरदस्त बीट्स, शानदार कोरियोग्राफी और सलमान खान और रश्मिका मंदाना की दमदार केमिस्ट्री के साथ, ह्लजोहरा जबीनह्व दिलों और डांस फ्लोर्स दोनों पर आग लगाने के लिए तैयार है। यहगाना बड़े लेवल पर शूट किया गया है। इस गाने में शानदार विजुअल्स के साथ जबरदस्त ग्रैंड सेटअप और ढेरों डांसर्स की एनर्जी देखने को मिलती है, जो इसे और भी धमाकेदार बना देता है। पहली ही बीट से जश्न का माहौल बन जाता है।

इस गाने में सलमान खान के परफेक्ट सिंक्रोनाइज्ड डांस मूव्स और रश्मिका की खूबसूरत अदाओं का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है। प्रीतम के शानदार म्यूजिक और फराह खान की बेहतरीन कोरियोग्राफी के साथ, जोहरा जबीं इस ईद के लिए म्यूजिक और डांस से सजा एक पूरा जश्न है। नक्श अजीज और देव नेगी की मस्त आवाज ने इसमें जान डाल दी है, तो वहीं समीर और दानिश साबरी के लाजवाब बोल सुनने के बाद भी दिमाग में गूंजते रहते हैं।

जैसे-जैसे सिकंदर की ईद रिलीज करीब आ रही है, जोहरा जबीन इस फिल्म की जबरदस्त दुनिया की एक झलक दिखाने वाला परफेक्ट गाना साबित हो रहा है।गौरतलब है कि सलमान खान आगामी ईद पर सिकंदर के साथ बड़े पर्दे पर वापस आ रहे हैं।

## अनुपम खेर के लिए फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाना नहीं था आसान, निगेटिव रोल से मिली थी पहचान



**आज** यानी की 07 मार्च को बॉलीवुड जगत के दिग्गज नेता अनुपम खेर अपना 70वां जन्मदिन मना रहे हैं। अनुपम खेर एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत में कई रिजेक्शन झेले हैं। अनुपम खेर ने न सिर्फ हिंदी, बल्कि अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और पंजाबी भाषा की फिल्मों में भी काम किया है। चार दशक के फिल्मी करियर में अनुपम खेर का नाम प्रतिभाशाली अभिनेताओं की लिस्ट में शामिल है। त

जन्मः शिमला में 07 मार्च 1955 को अनुपम खेर का जन्म हुआ था। बता दें कि वह एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने अपने करियर की शुरूआत में कई रिजेक्शन झेले। शुरूआती दौर इतना मुश्किल था कि उनको कई राते प्लेटफॉर्म पर गुजारनी पड़ी थी। तीन साल तक उनके पास कोई काम नहीं था।

**फिल्मी करियरः** साल 1984 में पहली बार अनुपम खेर को लाइमलाइट मिली थी। दरअसल, उन्होंने 29 साल की उम्र में 'सिनोप्सिस' में एक 65 साल के उम्र की व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अनुपम खेर की एक्टिंग को आलोचकों और दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। साल 1985 से लेकर 1988 तक उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन अभिनेता को सफलता नहीं मिली। फिर फिल्म तेजाब में अनुपम खेर ने माधुरी दीक्षित के पिता का किरदार निभाया था, जोकि निगेटिव था।

इस किरदार के लिए अनुपम खेर का दर्शकों की खूब वाहवाही मिली। जिसके बाद अभिनेता ने कई बेहतरीन फिल्में दीं। अनुपम खेर ने अधिकतर फिल्मों में निगेटिव किरदार निभाया। इन फिल्मों चांदनी, परिंदा, राम लखन, बेटा, चालबाज, दिल और डेर जैसी फिल्में शामिल है। इसके अलावा उन्होंने 'मैं तुम्हारा कौन हूं ', 'कुछ कुछ होता है', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी सुपरहिट फिल्मों में कॉमिक रोल निभाया।

**पर्सनल लाइफः** बता दें कि अनुपम खेर ने दो शादियां की हैं। उनकी पहली पत्नी का नाम मधुमालती था। बताया जाता है कि दोनों के बीच काफी अनबन होने की वजह से उनका तलाक हो गया। जिसके बाद अभिनेता ने साल 1985 में किरण खेर से शादी की।

## रिवर्स स्विंग को वापस लाए आईसीसी, शमी की अपील, बल्लेबाज-गेंदबाजों के बीच बनेगा सही संतुलन



**एजेंसी/ दुबईः** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्त्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है।

इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा। शमी ने कहा कि हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा ऑलराउंडर है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट लेकर मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना शत प्रतिशत से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं।

## वह हमारे साथ नहीं..रान्या राव के सोने की तस्करी मामले में डीजीपी पिता ने झाड़ा पल्ला, कहा-परिवार का भविष्य धूमिल हो रहा





**फेमस कन्नड़** एक्ट्रेस और कर्नाटक के डीजीपी की सौतेली बेटी रान्या राव को बेंगलुरु एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। एक्ट्रेस के पास 14.8 किलोग्राम सोना बरामद हुआ था। इसके बाद रान्या राव को आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इसी बीच अब सोना तस्करी के आरोप में अपनी सौतेली बेटी रान्या राव की गिरफ्तारी पर डीजीपी रामचंद्र राव ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

रामचंद्र राव ने सौतेली बेटी के विवाद से खुद को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगा। मेरे करियर पर कोई काला धब्बा नहीं है। रान्या की तस्करी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के बारे में पहले से मुझे कोई जानकारी नहीं थी और रान्या की गिरफ्तारी के बारे में केवल मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से पता चला।

उन्होंने आगे कहा, 'जब मीडिया के माध्यम से ऐसी घटना मेरे संज्ञान में आई तो मैं भी हैरान और हताश हो गया। मुझे इनमें से किसी भी चीज के बारे में पता नहीं था। किसी भी अन्य पिता की तरह मैं भी हैरान और परेशान था। वह हमारे साथ नहीं रह रही हैं। वह अपने पति के साथ अलग रह रही हैं। कुछ पारिवारिक मुद्दों के कारण उनके बीच कुछ समस्या है।'

रामचंद्र राव ने अपनी ईमानदारी और देश के प्रति अपनी निष्ठा के बारे में बात करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा उनकी प्राथमिकता रही है। ऐसे में उन्हें यह जानकार बेहद दुख पहुंचा है कि इस आजीवन समर्पण के बावजूद उनकी प्रतिष्ठा और परिवार का भविष्य अब ऐसी किसी चीज से धूमिल हो रहा है, जो उनके नियंत्रण से बाहर है। उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत को इन घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है, जो उनकी छवि को नुक्सान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही डीजीपी ने आश्वासन दिया कि यदि रान्या द्वारा किसी भी कानून का उल्लंघन किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रान्या वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। डीजीपी रैंक के अधिकारी रामचंद्र वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह अक्तूबर 2023 से पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।



## शादी नहीं करना चाहतीं अदा शर्मा कहा- ये एक बुरे सपने जैसा

**अदा शर्मा** बॉलीवुड की एक मशहूर और टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीता है। 'द केरला स्टोरी' से पॉपुलर हुई अदा यूं तो हमेशा अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखना पसंद करती हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।

अदा शर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी ड्रीम वेडिंग के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा- मेरा सपना शादी न करने का है। अगर मुझे शादी करनी भी होगी, तो वह एक बुरे सपने जैसा होगा।

जब अदा से पूछा गया कि क्या वह रिश्तों से डरती हैं, तो उनका कहना था, मैं किसी भी रिश्ते से नहीं डरती हूं, लेकिन मैं यह नहीं जानती कि मैं क्या चाहती हूं। मैंने स्क्रीन पर इतने सारे रोमांटिक और इमोशनल सीन किए हैं कि अब वास्तविक जीवन में मेरी खुशियों का एक हिस्सा खो चुका है। मेरा मन अब काफी शांत है।

अदा ने आगे कहा कि यदि कभी उन्हें शादी करनी पड़ी तो वह बहुत ही कंफर्टेबल कपड़ों में इसे करेंगी, ताकि वह इस खास दिन पर पूरी तरह से खुश रह सकें, लेकिन अगर मुझे किसी ऐसे कपड़े में शादी करनी पड़ी जो मुझे अनकंफर्टेबल लगें, तो वह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होगा।

अदा ने यह भी कहा कि अगर कभी वह किसी से शादी करेंगी, तो यह एक मजेदार और खास थीम वाली शादी हो सकती है, जिससे सभी लोग एंजॉय कर सकें। यह एक एक्सट्रीमली ओवर-टॉप, कैरिकैचर-ईश थीम वाली शादी हो सकती है, जो हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव बने।

## बांग्लादेश के क्रिकेटर मुशफिकुर रहीम का वनडे से संन्यास



**ढाकाः** बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर इसकी घोषणा की। उन्होंने यह जानकारी बांग्लादेश के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के हफ्तेभर बाद शेयर की। मुशफिकुर का वनडे करियर 19 साल का है। वह बांग्लादेश के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं। मुशफिकुर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं आज वनडे क्रिकेट से रिटायर हो रहा हूं।

मैं मानता हूं कि इंटरनेशनल क्रिकेट में हमारी उपलब्धियां कम हैं, लेकिन जब भी देश के लिए खेला पूरे डेडिकेशन और ईमानदारी के साथ खेला। रहीम ने कहा, पिछले कुछ हफ्ते उनके लिए मुश्किलों भरे रहे, जिस वजह से रिटायरमेंट का फैसला लिया है।

# 12 साल का सूखा खत्म करने उतरेगा भारत



**एजेंसी/दुबईः** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच नौ मार्च को खेला जाना है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। यह पहला मौका नहीं होगा, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। इससे पहले साल 2000 में दोनों टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत हुई थी, जिसमें टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी थी।

यह मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक रोमांचक जंग साबित होने वाला है। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमें मजबूत फॉर्म में हैं और खिताब जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय फैंस को उम्मीद होगी कि टीम 2013 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी जीते, जबकि न्यूजीलैंड अपनी दूसरी ट्रॉफी पर कब्जा जमाने की कोशिश करेगा।

**न्यूजीलैंड से आठ दिन के भीतर दूसरी बार होगा सामना :** भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिन तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था।

**फाइनल मैच की पिच रिपोर्टः** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में यह देखने को मिला कि दुबई की पिच बल्लेबाजों को परेशानी में डालती है। पूरे टूनामेंट में अब तक यहां सिर्फ भारतीय टीम ने सर्वोच्च स्कोर बनाया। सेमीफाइनल मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 265 रन को सफलतापूर्वक चेज किया। अब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टीम इंडिया ऐसा ही खेल दिखाना चाहती है।

भारतीय टीम ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 10 मैच खेले है, जिसमें से 9 मैचों में टीम इंडिया को जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला टाई रहा। भारत ने इस मैदान पर एक भी मैच नहीं गंवाया है, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने यहां 3 मुकाबले खेले है, जिसमें से दो मैचों में हार का सामना किया और एक मैच का नतीजा नहीं निकल सका था। यहीं दुबई स्टेडियम में भारत का न्यूजीलैंड पर पलड़ा भारी है।

न्यूज ब्रीफ



## डोनाल्ड ट्रंप की हमास को आखिरी चेतावनी, गाजा पर फिर होगी बमबारी?

**नई दिल्ली:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने  हमास को अंतिम चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करना ही होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तल्ख अंदाज में कहा कि सभी बंधकों को तत्काल रिहा करें, बाद में नहीं, जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत वापस करें। ट्रंप ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा कि रिहाई न करने पर आपका (हमास) काम खत्म हो जाएगा। ट्रंप ने हमास की मानसिकता को घृणित बताते हुए कहा कि केवल बीमार और विकृत लोग ही शव रखते हैं आप बीमार और विकृत हैं!

## हरियाणा: सोनीपत में गांव के युवकों से परेशान होकर किशोरी ने की आत्महत्या

**सोनीपत:** हरियाणा में एक किशोरी ने अपने गांव के ही एक युवक द्वारा कथित तौर पर उसे परेशान किए जाने के कारण यहां गनौर में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर युवक और उसके दो साथियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह ने बताया,  गनौर में बुधवार को वंदे भारत ट्रेन के आगे लड़की कूद गई। उसके परिजन के अनुसार, उनके गांव के ही एक युवक द्वारा उसे परेशान किया गया, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया।

उन्होंने कहा, युवक के दो साथियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है और तीनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद इंटरमीडिएट की छात्रा के परिवार ने उसके शव की पहचान की।

## पंजाब पुलिस ने 501 स्थानों पर छापे मारे, 75 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** पंजाब पुलिस ने  कहा कि मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ जारी अभियान के तहत उसने 501 स्थानों पर छापे मारे और 75 तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि राज्यभर में 53 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उसने बताया कि 75 तस्करों को गिरफ्तार किये जाने के साथ, छह दिन में गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ तस्करों की कुल संख्या 622 तक पहुंच गई है। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किये गये मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 8.2 किलोग्राम हेरोइन, 4.5 किलोग्राम अफीम, 1,294 नशीली गोलियां या इंजेक्शन और 1.04 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में यह अभियान चलाया गया। पिछले सप्ताह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की थी। राज्य सरकार द्वारा मादक पदार्थों की समस्या के विरुद्ध नए सिरे से चलाए जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और कुछ स्थानों पर उनकी संपत्तियों को भी ध्वस्त किया गया है। राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ कार्रवाई की निगरानी के लिए एक कैबिनेट उप-समिति भी गठित की। विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने बताया कि 1,700 से अधिक पुलिसकर्मियों वाले 250 से अधिक पुलिस दलों ने पूरे राज्य में छापेमारी की और दिनभर चले अभियान के दौरान 635 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। इस बीच, अमृतसर नगर निगम ने पंजाब पुलिस के सहयोग से मादक पदार्थ तस्करों द्वारा बनाये गये दो मंजिला मकानों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि ध्वस्त की गई संपत्तियां दो कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों गुरमीत सिंह और संदीप सिंह उर्फ ??सोनू की थीं। कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस अपराध में शामिल लोगों या अपराधियों को बचाने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उनका पद या प्रभाव कुछ भी हो।

## तेजस्वी  बउआ  की तरह हैं, उन्हें जो भी दिया जाता है, वह उसे पढ़ते हैं: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को बउआ  (बच्चा) बताते हुए बृहस्पतिार को कहा कि उन्हें जो भी लिखकर दिया जाता है, वह उसे पढ़ते हैं।  वित्त विभाग संभाल रहे चौधरी ने इस सप्ताह की शुरूआत में पेश किए गए बजट पर बहस के दौरान राज्य विधानसभा में यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता चौधरी ने कहा,  उन्हें (तेजस्वी) नहीं पता कि नीतीश कुमार जी ने बिहार के विकास के लिए क्या किया है। उनके पास ज्ञान की कमी है... वह बउआ (बच्चे) हैं... जो भी लिखकर दिया जाता है, उसे पढ़ देते हैं।  उन्होंने कहा,  वह नीतीश जी के बारे में क्या बात करेंगे। वह 36 साल के हैं और नीतीश जी 74 साल के हैं, लेकिन मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह नीतीश कुमार जी बराबरी नहीं कर सकते। नीतीश जी उनसे चार गुना ज्यादा काम कर सकते हैं। चौधरी ने कहा कि पिछले 20 सालों में नीतीश कुमार ने बिहार के लिए जो किया उसकी तुलना (राजद अध्यक्ष) लालू प्रसाद के  कुशासन  से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा,  मैं यह जरूर कहूंगा कि कोई राजा रानी के पेट से पैदा नहीं होता। आज मतदाता तय करते हैं कि उनका प्रतिनिधि कौन होगा। नीतीश कुमार जी ने 20 वर्षों तक बिहार की सेवा की और आगे भी करते रहेंगे। बिहार में राजद के कार्यकाल में केवल नाच-गाना होता था... विकास की कोई बात नहीं होती थी।  उप मुख्यमंत्री ने कहा,  ये लोग (राजद के) सिर्फ झूठ फैलाते रहते हैं। मुझे नहीं पता कि वे कौन सा आंकड़ा या कौन सी किताब पढ़ रहे हैं।  राजद के दावे कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के दौरान यादव की वजह से नौकरियां दी गईं, चौधरी ने हमला करते हुए कहा,  उन्हें संविधान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सरकार में फैसले मुख्यमंत्री ही लेते हैं। नौकरियां नीतीश कुमार ने दी हैं, राजद ने नहीं।  उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य के हित के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,  हमारे मुख्यमंत्री ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राज्य सरकार इस साल के अंत तक राज्य के युवाओं को 50 लाख नौकरियां (12 लाख सरकारी नौकरियां और 38 लाख अन्य रोजगार) प्रदान करेगी। हमने अब तक 30 लाख रोजगार के अवसर और 9.5 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

महाकुंभ 2025: भारत का शानदार आयोजन प्रबंधन

# 1.2 लाख करोड़ की आर्थिक बढ़ोतरी, 6 लाख से ज्यादा नौकरियां

**महाकुंभ 2025 सिर्फ आस्था का संगम नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े आयोजन प्रबंधन का उदाहरण है: राकेश कुमार शुक्ल**





**प्रयागराज:** महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है, जो  1.2 लाख करोड़ (15 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की आर्थिक बढ़ोतरी और 6 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा कर रहा है। यह आयोजन न सिर्फ आस्था का पर्व है, बल्कि भारत की प्रबंधन क्षमता, विकास और तकनीकी तरक्की का शानदार उदाहरण भी है। सरकार ने 45 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन सुविधाएं, सुरक्षा और तकनीक का उपयोग किया है, जिससे हर श्रद्धालु को कुंभ का अनुभव सहज और सुरक्षित मिले। 1.5 लाख अस्थायी घर, 4.5 लाख नए बिजली कनेक्शन, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित भीड़ नियंत्रण प्रणाली बनाई गई है। सुरक्षा के लिए फ्रक्क्ऊकलाई बैंड, ड्रोन और 50,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

महाकुंभ 2025 से होटल, दुकानें, परिवहन और छोटे कारोबारों को भारी मुनाफा हुआ है, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। खासकर होटल और टूरिज्म उद्योग में 40% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बार का कुंभ सबसे स्वच्छ कुंभ भी बन रहा है। 1.5 लाख से ज्यादा टॉयलेट, गंगा को साफ रखने की खास योजना, और दफकोड से कचरा प्रबंधन जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे कुंभ क्षेत्र स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बना हुआ है।

यह आयोजन सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि भारत के मजबूत प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों का भी परिचय दे रहा है। दुनिया भर से विशेषज्ञ यहां भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन और बड़े आयोजनों की योजना बनाना सीखने आ रहे हैं। राकेश कुमार शुक्ल, कुंभ विशेषज्ञ एवं पूर्व विशेष सलाहकार (2019) कुंभ प्रयागराज (भारत सरकार), ने कहा:  महाकुंभ 2025 सिर्फ आस्था का संगम नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े आयोजन प्रबंधन का उदाहरण है। लाखों नौकरियां देने से लेकर नई तकनीकों और पर्यावरण सुरक्षा तक, यह आयोजन बताता है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े आयोजनों को कितनी अच्छी तरह से संभाल सकता है। सरकार की ओर से की गई तैयारियों ने इसे अब तक का सबसे सफल और सुरक्षित कुंभ बना दिया है।

महाकुंभ 2025 भारत की ताकत, विकास और बेहतर आयोजन क्षमता का प्रतीक बन चुका है, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े आयोजनों को संभालने में अग्रणी बनाता है।

इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद

## नहीं थम रही यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की मुश्किलें, अब नया समन भेजेगी असम पुलिस



**गुवाहाटी :** समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट  में अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फंसे यूट्यूबर-पॉडकास्टर  रणवीर इलाहाबादिया को असम पुलिस नया समन भेजने की तैयारी में है। रणवीर को पुलिस पहले भी समन जारी कर चुकी है। इसके बावजूद वह जांच टीम के सामने पेश नहीं हुए। शुक्रवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, सीआईडी की एक टीम जल्द ही मुंबई में इलाहाबादिया के घर जाएगी और जांच टीम के सामने पेश होने के लिए उन्हें नया समन सौंपेगी।

रणवीर को पिछले सप्ताह इंडियाज गॉट लेटेंट  शो के मंच पर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों से संबंधित मामले में असम पुलिस के सामने पेश होना था। इंडियाज गॉट लेटेंट  शो मामले को लेकर गुवाहाटी क्राइम ब्रांच ने पिछले सप्ताह एक अन्य यूट्यूबर आशीष चंचलानी से पूछताछ की थी। यूट्यूबर क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे काफी देर तक पूछताछ हुई।

गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त अंकुर जैन ने मीडिया को बताया था,  यूट्यूबर आशीष चंचलानी पूछताछ के लिए क्राइम ब्रांच में आए। उन्होंने हमारी पूछताछ का अनुपालन किया है। यदि आवश्यक हुआ तो हम उन्हें फोन करेंगे, फिलहाल हम उन्हें दोबारा नहीं बुला रहे हैं। हमें जांच से जुड़े अन्य लोगों से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उन्हें जल्द ही नए समन भेजे जाएंगे। इस बीच बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर को इस शर्त पर अपने पॉडकास्ट को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है कि वह शालीनता और नैतिकता के मानकोंह्व को बनाए रखेंगे।

रणवीर इलाहाबादिया, आशीष चंचलानी और अपूर्वा मखीजा समेत अन्य कई यूट्यूबर्स समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड के दौरान अश्लील और अभद्र कमेंट्स को लेकर विवाद में फंस गए। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहले की एक शर्त में ढील दी, जिसके तहत इलाहाबादिया या उनके सहयोगियों को अगले आदेश तक यूट्यूब या संचार के किसी अन्य ऑडियो/वीडियो विजुअल मोड पर कोई भी शो प्रसारित करने से रोक दिया गया था। सुनवाई के दौरान, जस्टिस कांत की अगुवाई वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, केंद्र के दूसरे सबसे बड़े कानून अधिकारी से ऑनलाइन मीडिया में कंटेंट को फिर से शुरू करने पर विचार करने को कहा। उन्होंने कहा, हम कोई ऐसी व्यवस्था नहीं चाहते जिससे सेंसरशिप बढ़े, लेकिन यह सबके लिए स्वतंत्र नहीं हो सकता।ह्व अदालत ने स्पष्ट किया कि इलाहाबादिया के शो को उन कार्यवाहियों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। इससे पहले 18 फरवरी को अदालत ने इलाहाबादिया की गिरफ्तारी पर इस शर्त के साथ रोक लगा दी थी कि वह जांच अधिकारियों द्वारा बुलाए जाने पर जांच में शामिल होंगे।

जालंधर में काउंटर इंटेलिजेंस की बड़ी कार्रवाई

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन सदस्य गिरफ्तार; बड़ी हत्या की बना रहे थे योजना



**जालंधर :** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस, जालंधर ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर पंजाब में एक और बड़ी हत्या की योजना को विफल कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जगरूप सिंह उर्फ ??जग्गा, सुखजीत सिंह उर्फ ??सुखा और नवप्रीत सिंह उर्फ ??नव के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से गोला-बारूद के साथ चार अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मॉड्यूल को अमेरिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ ??गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंडा का करीबी सहयोगी है। इसके साथ ही उसका सहयोगी लाडी बकापुरिया भी शामिल है, जो वर्तमान में ग्रीस में रहता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एसएसओसी अमृतसर में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच चल रही है। बरामद हथियारों में एक ग्लॉक पिस्तौल 9एमएम, एक मैगजीन और 06 कारतूस, एक पिस्तौल स्टॉर्म (बेरेटा) 30 बोर, एक मैगजीन और 04 गोलियां, एक देशी 30 बोर पिस्तौल, एक मैगजीन और चार कारतूस और एक देशी 32 बोर पिस्तौल, 01 मैगजीन और 08 कारतूस शामिल हैं।

## शोध में हुआ खुलासा : सप्ताह में 150 मिनट की कसरत से ही 31% तक कम हो सकता है मृत्यु का जोखिम,



**नई दिल्ली :** सुबह की सैर सेहत के लिए सौ फायदों का सबब होती है, ऐसा ज्ञानी ध्यानी और बड़े बुजुर्ग कहते आए हैं। बदलते दौर में जहां पॉल्यूशन की मार है, नाइट शिफ्ट की टेंशन है और सुबह की दौड़-भाग है, तो भला टहलने का समय कैसे निकालें? एक रिसर्च ने इसका भी हल काफी हद तक निकाल दिया है। ये रिपोर्ट कहती है कि कुछ हलके-फुल्के शारीरिक श्रम से बात बन सकती है।

शोध कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस हालिया अध्ययन में पाया गया कि व्यायाम करने से डायबिटीज, हृदय रोग, गठिया, श्वसन रोग, अवसाद और कुछ प्रकार के कैंसर सहित 30 से अधिक पुरानी बीमारियों का रिस्क कम हो सकता है। इसके लिए आपको एचआईआईटी (छोटे-छोटे तीव्र अंतरालों के साथ व्यायाम करने का तरीका) वर्कआउट की भी जरूरत नहीं। बस मॉडरेट स्तर के श्रम से बात बन सकती है। ये बागवानी, योग या फिर तीव्र गति से चलने वाली गतिविधियां हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रति सप्ताह केवल 150 मिनट की मध्यम शारीरिक गतिविधि से बिना किसी शारीरिक गतिविधि की तुलना में सभी कारणों से होने वाली मृत्यु का जोखिम 31% कम हो सकता है। मॉडरेट शारीरिक गतिविधि के कुछ उदाहरणों में बागवानी, बॉलरूम डांसिंग, योग, लॉन की घास काटना, वाटर एरोबिक्स और तेज चलना शामिल हैं ।  तेज  का मतलब है कम से कम 2.5 मील प्रति घंटे चलना। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने 2022 में एक शोध किया, जिसमें 30 साल में 100,000 से अधिक प्रतिभागियों का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि जो व्यक्ति प्रति सप्ताह मॉडरेट शारीरिक गतिविधि में करीब 150-300 मिनट देते हैं, उनमें सभी कारणों से मृत्यु दर का 20-21% कम रिस्क होता है। हालांकि चिकित्सकों की ये भी सलाह है कि 150 मिनट को एक दिन में ही नहीं पूरा करना चाहिए। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि एक दिन में सेहत के नाम किए गए 30 मिनट भी अच्छे हैं। अगर हेल्थ की फिक्र करने वालों की जमात में नए-नए शामिल हुए हैं, तो शुरूआत 10-10 मिनट की सैर से कर सकते हैं।

लाल निशान में खुला शेयर बाजार

# सेंसेक्स करीब 200 अंक गिरा, निफ्टी 30 से ज्यादा गिरा



**मुबंई:** शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यानी शुक्रवार सात मार्च को लाल निशान पर खुला है। इस दौरान शेयर बाजार में बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और आईटी शेयरों में सबसे अधिक गिरावट आई है। सुबह 9:15 बजे बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 176.47 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,163.62 पर पहुंच गया। व्यापक एनएसई निफ्टी 36.05 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,508.65 पर खुला।

यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में घोषणा किए जाने के बाद आया है कि वे 2 अप्रैल से भारत जैसे देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाएंगे। गुरुवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में से, इंफोसिस सबसे ज्यादा 1.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,688.40 पर कारोबार कर रहा था। इसके बाद टेक महिंद्रा का स्थान रहा, जो 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ  1485 पर कारोबार कर रहा था, और जोमैटो, जो 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ  222.80 पर कारोबार कर रहा था।

निफ्टी सेक्टोरल इंडेक्स में बैंक इंडेक्स में सबसे ज्यादा 0.34 फीसदी की गिरावट आई और यह 48,463.80 पर पहुंच गया। इसके बाद फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.32 फीसदी की गिरावट आई और यह 23,089.35 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी आईटी में 0.31 फीसदी की गिरावट आई और यह 38,028.15 पर पहुंच गया। शेयर बाजार में अंत में तेजी आई और गुरुवार को पिछले कारोबारी सत्र के खत्म होने के बाद लगातार तीसरी बार हरे निशान में बंद हुआ। बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक या 0.83 फीसदी की गिरावट के साथ 74,340.09 पर बंद हुआ। व्यापक एनएसई निफ्टी 207.40 अंक या 0.93 फीसदी की गिरावट के साथ 22,544.70 पर पहुंच गया।

बोनान्जा के वरिष्ठ तकनीकी शोध विश्लेषक कुणाल कांबले ने मीडिया को बताया कि निफ्टी सूचकांक लगातार तीन दिनों तक सकारात्मक रूप से बंद हुआ, जिससे उच्चतर उच्च और उच्चतर निम्न पैटर्न बना, जो अल्पकालिक सकारात्मक गति का संकेत देता है।  सूचकांक 22,505 पर विंडो से ऊपर बंद हुआ, जो तेजी की भावना का संकेत देता है। उन्होंने कहा, आगे की बढ़त 22,720 तक बढ़ सकती है, जहां अगला मजबूत प्रतिरोध है। हालांकि, अगर बाजार 22,440 से नीचे चला जाता है, तो यह 22,200 के स्तर की ओर नीचे की ओर बढ़ सकता है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 4.70 फीसदी की तेजी आई और यह 2,267.10 रुपये पर बंद हुआ। इसके बाद एनटीपीसी का स्थान रहा जो 3.41 फीसदी की तेजी के साथ 337.75 रुपये पर बंद हुआ और रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.96 फीसदी की तेजी के साथ 1,210.55 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से केवल 5 शेयर ही लाल निशान पर थे, ठीक वैसे ही जैसे पिछले बंद के बाद थे। निफ्टी सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.59 फीसदी की बढ़त के साथ निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स 10,045.85 पर पहुंच गया। इसके बाद निफ्टी मेटल 2.34 फीसदी की बढ़त के साथ 8,888.65 पर पहुंच गया और निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.47 फीसदी की बढ़त के साथ 20,423.35 पर पहुंच गया। मेटल इंडेक्स भी वही इंडेक्स था जो पिछले बंद पर 4.04% बढ़कर 8,685.20 पर पहुंच गया था। ऑयल एंड गैस इंडेक्स में उस समय उछाल आया जब वैश्विक तेल की कीमतें भी बढ़ी थीं। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड मई 2025 के अनुबंधों के लिए 0.36% या $0.25 बढ़कर $69.71 प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि हळक क्रूड अप्रैल 2025 के अनुबंधों के लिए 0.32% या $0.21 बढ़कर $66.57 प्रति बैरल पर पहुंच गया। निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स में, कैस्ट्रॉल इंडिया सबसे अधिक (10.15% ऊपर) चढ़ा, उसके बाद महानंगर गैस (4.19% ऊपर) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (3.71% ऊपर) का स्थान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन एवं झारखंड फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में सब जूनियर नेशनल अंडर 14 बालक वर्ग झारखंड टीम गठन हेतु फुटबॉल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में किया गया ।
इस प्रतियोगिता में गुमला,खूंटी,सिमडेगा, रांची, लोहरदगा एवं जमशेदपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

### चांडिल में दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव 10 से, हुई ध्वज पूजा

**सरायकेला :** श्री श्याम कला भवन चांडिल द्वारा इस वर्ष 10 मार्च से दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को बाबा श्याम का ध्वजा पूजन किया गया। श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे आयोजित दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव मे सभी श्याम प्रेमी रघुनाथपूर से 12 किलोमीटर की दूरी हाथों में बाबा श्याम का निशान ले पैदल चलकर चांडिल श्याम मंदिर पहुंचेगे।
इस संबंध में कला भवन के सह संयोजक दुर्गा चौधरी ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य पर बाबा श्याम का भव्य झांकी के साथ सभी श्याम प्रेमी हाथो मे निशान लेकर 10 मार्च को दोपहर 2:11 बजे रघुनाथपूर से चांडिल श्याम मंदिर तक पैदल निशान यात्रा करेंगे। निशान यात्रा मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में बाबा श्याम का नयनाभिराम श्रृंगार कर ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा। कला भवन के भजन गायक रात्रि व्यापी भजन संकीर्तन करेंगे।
वही फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन 10 बजे से बारस का ज्योत पूजन एवं श्याम ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे से सभी श्याम प्रेमियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को ध्वज पूजन में मुख्य रूप से संजय चौधरी, पवन शर्मा, विकास रूंगटा, हेमंत चौधरी, अश्विनी शर्मा, नीलकमल जालान, सुभाष शर्मा, पप्पू सुलतानिया, हरीश सुलतानिया सहित कई लोग मौजूद थे।

### अपराधी अंशु चौहान सिदगोड़ा से गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पुलिस ने कुख्यात अपराधी अंशु चौहान उर्फ आयुष को गिरफ्तार किया है। पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अंशु चौहान बागबेड़ा के शातिर अपराधी कन्हैया सिंह का भांजा है। वह पहले अखिलेश सिंह गिरोह के लिए काम करता था। वह सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह लाइन नंबर-4 का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल व एक मोबाइल बरामद किया गया है। उसे जेल भेज दिया गया। एसएसपी ने बताया कि अंशु तड़ीपार अपराधी है। इसके बावजूद वह सिदगोड़ा में टाटा स्टील के एक क्वार्टर में छिपकर रह रहा था। यह क्वार्टर उसे मोहित सिंह व छोटू ने उपलब्ध कराया था। मोहित सिंह व छोटू ने टाटा स्टील के कई क्वार्टरों पर अवैध कब्जा कर रखा है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अंशु के खिलाफ सीतारामडेरा, जुगसलाई व सिदगोड़ा थाने में सात मामले दर्ज हैं।

### हत्या मामले में युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**सरायकेला :** चांडिल थाना क्षेत्र के कटिया स्थित बिरसा स्टेडियम के समीप शव मिलने की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने मिले साक्ष्य के आधार पर हत्या के आरोप में एक युवक विक्रम मुंडा उर्फ टिक्का मुंडा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार विक्रम मुंडा सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई था सियाडीह (नयाडीह) का रहने वाला है। ज्ञात हो कि पुलिस ने पिछले 20 फरवरी को काटिया के बिरसा स्टेडियम के बगल के खेत से एक शव बरामद किया था। शव की पहचान सुकराम गोप के रूप में हुई थी। इस संबंध में चांडिल थाना में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई। साक्ष्य के आधार पर विक्रम मुंडा उर्फ टिक्का मुंडा को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। थाना प्रभारी दिलशन बिरुवा ने बताया कि विक्रम ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह और सुकराम गोप एक ही कंपनी (क्रिस्ट्रल थर्माकॉल फैक्ट्री काटिया) में काम करते थे। उसने घटना के दो दिन पहले 18 फरवरी को मोबाइल खरीदा था। उसने पुलिस को बताया कि उक्त मोबाइल व उसके 9500 रुपये सुकराम गोप ने चोरी कर लिया था। उसका बदला लेने के लिए उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर सुकराम गोप की हत्या पत्थर से कूचकर कर दी।

### गांवों में बाहा पर्व की धूम, महिलाओं ने नृत्य-गीत से बांधा समा

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सरहुल से पहले बाहा पर्व की धूम मची है। इसके साथ ही आदिवासी समाज में शादी-विवाह से लेकर शिकार पर्व समेत सभी शुभ कार्य शुरू हो गए हैं। बाहा पर्व के अवसर पर महिलाओं ने गांव के नायके माखन सोरेन को उनके बगुलासाईं आवास से बाहा नृत्य करते हुए जाहेरथान तक लाया। वहां गांव के नायके ने मरांग बुरू की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान आदिवासी महिलाओं ने बाहा गीत व नृत्य से पूरे क्षेत्र में बाहा पर्व की खुशबू बिखेर दी।
टोला ग्राम प्रधान मंगल सोरेन ने कहा कि गुरुवार शिकार पर्व मनाया जाएगा, जिसमें काफी संख्या ने ग्रामीण पारंपरिक हथियार के साथ जंगल में घूमकर शिकार की परंपरा का निर्वहन करेंगे।

### सदर अस्पताल में बच्चों के लिए खुलेगी 6 बेड की पीआईसीयू

**जमशेदपुर :** सदर अस्पताल, जमशेदपुर में बच्चों के बेहतर इलाज की सुविधा बढ़ेगी। अस्पताल में जल्द ही छह बेड की पीआईसीयू खोली जाएगी। अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में इसके लिए छह लाख रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। समिति की बैठक में छह बेड के पीआईसीयू में दो बेबी वार्मर मशीन व 700 कलर कोडेड बेडशीट की खरीदारी की भी स्वीकृति दी गई। सिविल सर्जन ने बताया कि पीआइसीयू बनने से गंभीर रूप से बीमार बच्चों को एमजीएम अस्पताल भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सदर अस्पताल में ही उनका बेहतर इलाज हो सकेगा। इससे स्थानीय मरीजों के इलाज में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पीआइसीयू को आगे चलकर अपग्रेड किया जाएगा और इसमें सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

### रूई फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**धनबाद :** धनबाद के बरवाअड्डा किसान चौक स्थित रुई तैयार करने की फैक्ट्री में गुरुवार को अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री संचालक कुलदीप सिंह ने बताया कि करीब साढ़े तीन लाख रुपए की रूई जलकर राख हो गई। आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। संचालक के अनुसार, संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। इस फैक्ट्री में कपड़ों के कतरन से रूई तैयार की जाती है।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष बने राहुल कुमार मुर्मू

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरी प्रांतीय टीम और पदाधिकारी मिले



**बिनय मिश्रा**

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित राहुल कुमार मूर्मू ने इतिहास रचने के साथ-साथ बेहतर संगठन और लोगों की समस्या का निवारण गंभीरता पूर्वक करने की बात कही है श्री मुर्मू झारखंड राज्य बनने के पश्चात अब तक गठित झारखंड प्रांतीय कमेटी के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने हैं जिसके फल स्वरुप सबों में बेहद उत्साह देखा जा रहा है झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष बनने के पश्चात अपने पूरी टीम के साथ वे झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के गठन और विभाग के लिए निरंतर बेहतर और उत्कृष्ट कार्य करने की जानकारी भी दी इस औपचारिक मुलाकात और भेंट वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने भी पुलिस एसोसिएशन के प्रति टीम को हर संभव मदद और उनके साथ होने की बात कही जिससे प्रांतीय टीम काफी हर्षित हुई और मुख्यमंत्री का आभार भी जताया इस भेंट वार्ता के दौरान नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री मुर्मू ने कहा की राज्य में पुलिस बेहतर सुरक्षा और जन अपेक्षा के अनुरूप कार्य करने के लिए कटिबद्ध है और अपने पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ जवाबदेही का भी निर्वाह भली-भांति कर रही है सरकार के द्वारा भी पुलिस के प्रति जो सकारात्मक सोच और सहयोग बना हुआ है उसके लिए पुलिस एसोसिएशन मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभर व्यक्त करती है इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भी पूरे प्रांतीय टीम को आश्वास्त किया कि राज्य सरकार उनके साथ है और कभी भी अपनी बातों को लेकर प्रांतीय टीम अपनी बात रख सकती है और कह सकती है पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय टीम और मुख्यमंत्री के बीच बेहतर संवाद पुलिसकर्मियों का उत्साह और मनोबल भी बढ़ाया गौरतलब हो की नवनिर्वाचित पार्टी अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू पश्चिम सिंहभूम जिला में भी पदस्थापित रह चुके हैं और बंद गांव के थाना प्रभारी के रूप में काफी लोकप्रिय रहे इसके पश्चात उनका तबादला बोकारो जिला हो गया था इसके बाद वे झारखंड पुलिस संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बने हैं पश्चिम सिंहभूम जिला में पदस्थापन के दौरान कोल्हान के डीआईजी अजय लिंडा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देने के साथ-साथ सम्मानित भी किया था। श्री मुर्मू अपने दायित्व के निर्वहन तथा कर्तव्य निष्ठा के लिए भी जाने जाते हैं।

## मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान व प्रबंधन के द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है।
आरसीएच कार्यक्रम के अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल के लिए जिला स्तर पर 2 बैच में कुल 34 चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण में गर्भवती महिलाओं के पेट की जांच, यूरिन डिपस्टिक के द्वारा मूत्र परीक्षण, ओजीटीटी जांच, उच्च, जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, गर्भावस्था का उम्र निकलना, एनीमिया, उच्च रक्तचाप से संबंधित विकार आदि का निदान प्रबंधन एवं रेफरल से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।
सिविल सर्जन, गुमला, डॉ नवल कुमार ने बताया कि बोर्न हेल्दी कार्यक्रम के अंतर्गत चाइल्ड इनवेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन के सहयोग से जपाईगो के द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं में सुदृढ़ीकरण से स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियां में अपेक्षित सुधार परिलक्षित होगा, विशेषकर गर्भावस्था में होने वाले संक्रमणों या जटिलता की शीघ्र पहचान व इलाज से मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना संभव है।
प्रशिक्षक के रूप में जपाईगो से डॉक्टर अनुपमा आर्या, सुनिल कुमार, दीपिका बा एवं राजेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया।
डी. आर. सी.एच. ओ. डॉ सुनील राम ?ने बताया कि कार्यदक्षता, परामर्श तथा डाटा रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए भी प्रशिक्षित किया गया है । इस प्रशिक्षण से समय पूर्व जन्म लेने एवं कम वजन के होने वाले शिशु तथा नवजात शिशु में होने वाले संक्रमण में भी कमी आएगी।

## ज्ञानोत्सव का समापन समारोह आयोजित हुआ



**गुमला :** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रेक्षागृह में, ज्ञानोत्सव ( लर्निंग फेस्टिवल) का समापन समारोह आयोजित हुआ। चार दिनों से अलग अलग गतिविधियों से विद्यालय में कलात्मक माहौल सृजित हो गया था। चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गीत संगीत प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता। विद्यालय गतिविधि में शिक्षा के साथ कला संस्कृति खेल गीत संगीत और मौलिक गतिविधि पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय प्रभारी मुहम्मद प्रवेज आलम के साथ विद्यालय शिक्षिका पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, चर्चिल टैगोर, सिकंदर कुमार ने सामुहिक रूप से किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मुहम्मद प्रवेज आलम ने अपने संबोधन में कहा कि सर्व कला मिश्रित ज्ञानोतसव ने विद्यालय में उत्सवी माहौल बना दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सिकंदर कुमार ने कला प्रदर्शनी और पुरे गतिविधि का अवलोकन करते हुए कहा कि,समाज व विद्यालय में लोक शिक्षा और संस्कृति का विकास जरूरी है। वहीं गृह विज्ञान शिक्षिका पिंकी कुमारी, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी ने विचार रखते हुए कहा गंवई कलात्मकता इस आयोजन को शीर्ष बना दिया है। खेल प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ करवाया गया था जिसमें प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय रागीनी कुमारी, तृतीय स्थान सुरभि कुमारी हासिल किया। चित्र प्रदर्शनी व प्रतियोगिता दोनों आयोजित किया गया था। छात्राएं चित्रों में बिहार के कला संस्कृति को समृद्धि देने के लिए खुद विषय चयन कर अलग-अलग विषय में चित्र सृजित किया था। चित्रकला में प्रथम स्थान हासिल किया है रागिनी कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी तृतीय स्थान नेहा कुमारी। आज समापन समारोह में सांस्कृतिक माहौल भी रहा छात्राएं समूह गायन से सबको आकर्षित कर लिया।

## नवनिर्वाचित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष टीम के साथ डीआईजी नौशाद आलम से मिले

**निधि पाठक**



**रांची :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू के नेतृत्व में प्रांतीय टीम पुलिस उप-महानिरीक्षक(कार्मिक)-सह-बजट नौशाद आलम से शिष्टाचार पर मुलाकात किया इस मुलाकात के दौरान डीआईजी श्री आलम ने आश्वासन दिया गया कि पूरी टीम को हर संभव मदद किया जाएगा आप लोगों के द्वारा कल्याणकारी कार्य को विभाग हर संभव मदद करेगी और इसी क्रम में राँची जिले के सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार सिंह गंभीर रूप से चोटिल हो जाने के कारण पारस हास्पिटल राँची में भत्ती करवाया गया था। सहआयक अवर निरीक्षक मनोज कुमार के बेटे अभिनीत कुमार को 1,50000(एक लाख पचास हजार) नगद राशि पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम सर के द्वारा दिया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम ने कहा कि जो भी मदद होगी हर संभव मदद की जाएगी और उनके परिवार को आश्वासन दिया कि उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम उनके साथ खड़ी है और जो भी मदद होगी हर संभव किया जाएगा।भगवान से प्रार्थना करें कि वे जल्दी स्वस्थ होकर लौटे।कार्मिक सह बजट डीआईजी के इस सकरात्मक सहयोग के लिए पूरे प्रांतीय टीम ने पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम का आभार व्यक्त किया ।

### जामाडोबा से साइबर अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद :** धनबाद साइबर थाने की पुलिस ने जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा में छापामारी कर साइबर अपराधी रियाजुल हक अंसारी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन व दो सिम बरामद किए गए हैं। यह जानकारी साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को प्रतिबिंब एप के जरिए पकड़ा गया। प्रतिबंब प्लांटेड नंबर के आधार टीम ने कार्रवाई की। उसके पास से बरामद सिम में बिहार से दो और महाराष्ट्र से एक ऑनलाइन साइबर कम्प्लेन दर्ज हुआ था। डीएसपी ने बताया कि एसएसपी एचपी जनार्दनन को उक्त साइबर अपराधी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एसएसपी के निर्देश के डीएसपी संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। डीएसपी ने कहा कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यू-ट्यूब के सहारे साइबर ठगी का तरीका सीखा था। इसके बाद लोगों को फोन कर झांसे में लेकर उनकी पर्सनल डिटेल लेकर उनके खाते से रुपए उड़ा लेता था।

### कसमार में गिट्टी लदा मालवाहक कुएं में गिरा, बाल-बाल बचा चालक

बोकारो : कसमार थाना क्षेत्र के रांगामाटी गांव में गुरुवार को गिट्टी लदा एक 407 मालवाहक वाहन कुएं में गिर गया। घटना में वाहन का चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुएं के सामने सड़क पर पीसीसी ढलाई का कार्य चल रहा था। जिसके कारण मंजुरा की तरफ से आ रहा वाहन पीछे मुड़कर डायवर्सन से होकर पार करना चाह रहा था। पीछे मोड़ने के क्रम में वाहन के पीछे के दोनों चक्का कुएं में आ गए, जिससे गिट्टी भरा वाहन कुएं में गिर गया। हालांकि कुएं में ज्यादा पानी नहीं था। कुंए में गिरने के साथ ही वाहन चालक सामने का ग्लास तोड़कर बाहर निकल आया। वाहन में सिर्फ चालक ही था।
मालूम हो कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर से मंजुरा कॉलेज मोड़ से रांगामाटी तक पथ का मजबूती व मरम्मतीकरण कार्य किया जा रहा है। रांगामाटी में पीसीसी की ढलाई की जा रही है।

# होली को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह गुमला ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान शहर की जल आपूर्ति, ट्रैफिक, नशे की बढ़ती समस्या, साइबर क्राइम, सार्वजनिक सुरक्षा और त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शांति समिति के सदस्यों ने जल संकट की समस्या को प्रमुखता से उठाया, खासकर रमजान के दौरान होने वाली पानी की कमी को लेकर चिंता जताई। उपायुक्त गुमला ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक वार्ड में पानी के टैंकर भेजे जाएंगे और रमजान के दौरान विशेष जलापूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नए इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में समय और लागत लगती है, लेकिन वर्तमान संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर नागरिकों को राहत देने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।
बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि होली के दिन रात 8 बजे से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाएगी और चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी और सार्वजनिक स्थलों पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि होली के दौरान विवाद मुख्य रूप से नशे, ओवरस्पीडिंग और आपत्तिजनक गानों के कारण होते हैं, इसलिए डीजे पर विवादित गाने न बजाने की सख्त हिदायत दी गई है। बाहर से आने वाली अवैध शराब एवं मादक पदार्थ बिक्री रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जाएगा, और अवैध दुकानों पर छापेमारी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बीते छह महीनों में ड्रग्स से जुड़ी 20 से अधिक शिकायतें आई हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की गई है।चोरी की घटनाओं पर चर्चा के दौरान यह सामने आया कि नशे की लत के कारण कई युवक अपराध में लिप्त हो रहे हैं, उन्होंने नशे से जुड़े घटनाओं के सम्बन्ध में पुलिस प्रशासन को अवगत कराने की अपील की। होली के दिन ड्राई डे रखने की भी उन्होंने जानकारी दी।



एसडीओ सदर राजीव नीरज ने बैठक में कहा कि होलिका दहन सामूहिक रूप से खुले स्थानों पर किया जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने होली के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की और कहा कि यदि किसी महिला को असुरक्षा महसूस होती है , तो वह तुरंत जिला प्रशासन से संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जबरन रंग लगाने जैसी हरकतों से बचें और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें।
चैनपुर एसडीपीओ ललित मीना ने नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की और बताया कि गुमला जिले में ब्राउन शुगर, हंडिया और अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान मोहल्लों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, ताकि नशे की वजह से कोई अप्रिय घटना न हो। एसडीपीओ ने नागरिकों से अनुरोध किया कि यदि उनके आसपास किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।
बैठक में स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें सिविल सर्जन गुमला ने नागरिकों को विशेष रूप से हरे रंग और अबीर से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस रंग से आंखों और त्वचा को गंभीर नुकसान हो सकता है। त्योहारों के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखने और अस्वास्थ्यकर भोजन से बचने की भी अपील की गई। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या से तुरंत निपटा जा सके।
उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने बैठक के अंत में नागरिकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब दो बड़े त्योहार एक साथ आते हैं, तो प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, लेकिन गुमला की जनता हमेशा प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाती आ रही है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि बैठक में उठाए गए सभी सुझावों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी और यदि किसी को कोई समस्या हो, तो वह सीधे जिला प्रशासन से संपर्क कर सकता है। उन्होंने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर भी चिंता जताई और नागरिकों से अपील की कि किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर दें।
बैठक के अंत में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी उपस्थित नागरिकों को होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं और त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।